।। श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ।।

श्रीमद्भागवतीय

उत्तमाभक्ति-निरूपणम्

-श्रीहरिदास शास्त्री

सङ्गणकसंस्करणं दासाभासेन हरिपार्षददासेन कृतम्

।। श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्।।

स्वकीयात्वनिरासविचारः

तथा

परकीयात्वनिरूपणम्

[श्रील विश्वनाथचक्रवर्ति प्रणीतम्]

श्रीवृन्दावनधामवास्तव्येन
न्यायवैशेषिकशास्त्रिन्यायाचार्यकाव्यव्याकरणसांख्य
मीमांसावेदान्ततर्कतर्कन्यायवैष्णवदर्शनतीर्थ
विद्यारत्नाद्युपाध्यलङ्कृतेन
श्रीहरिदासशास्त्रिणा सम्पादितम्।

सद्ग्रन्थ प्रकाशक :

श्रीहरिदासशास्त्री

श्रीगदाधर गौरहरि प्रेस
(श्रीहरिदास निवास)
प्राचीन कालीदह, वृन्दावन (मथुरा) उ. प्र.

सङ्गणकसंस्करणं दासाभासेन हरिपार्षददासेन कृतम्

प्रकाशक :
श्रीचैतन्य संस्कृति संस्था
(श्रीहरिदास निवास)
प्राचीन कालीदह, वृन्दावन (मथुरा) उ. प्र.

प्रकाशन तिथि :
श्रीराधिका जन्मतिथि
श्रीगौरांगाब्द : ५२१–५२२

द्वितीयसंस्करणम्

प्रकाशन सहयोग :
१००) रुपया मात्र

मुद्रक :
श्रीगदाधर गौरहरि प्रेस
(श्रीहरिदास निवास)
प्राचीन कालीदह, वृन्दावन (मथुरा) उ. प्र.

॥ श्रीश्रीगदाधरगौरांगौ जयतः॥

सूची-पत्र

क्रम.	पृष्ठ	क्रम.	पृष्ठ
१-ग्रन्थ विवरण ब्रजीय परकीया भाव	५	१०-श्रीकृष्ण ही परतत्व	२१
२-श्रीचैतन्यदेव	६-७	११-अचिन्त्य भेदाभेदवाद में निखिल श्रुतियों की सार्थकता	२२
३-परकीया भाव की उपासना भावना साधना	८-९	१२-पौराणिक युग में वैष्णवधर्म	२२-२५
४-अकैतव ममत्वास्वादन ही परकीया भाव है। ग्राम्य रस-गन्धहीन परकीया भाव	१०-११	१३-वर्तमान वैष्णव सम्प्रदाय	२५
५-वेदादि में परकीया भाव	१२	१४-श्रीसम्प्रदाय एवं विशिष्टाद्वैतवाद	२६-३०
६-वैष्णवधर्म पांचरात्र मत	१२-१५	१५-श्रीमध्वाचार्य सम्प्रदाय, द्वैतभाष्य	३०-३३
७-वैष्णवधर्म का क्रमिक विवरण	१५-१९	१६-श्रीवल्लभाचार्य सम्प्रदाय विशुद्धाद्वैतभाष्य	३३-३५
८-वेद एवं गौड़ीय वैष्णवधर्म	१९-२०	१७-श्रीनिम्बार्क एवं द्वैताद्वैतभाष्य	३५-४०
९-गौड़ीय वैष्णव सिद्धान्त में आम्नायवाक्य ही प्रमाण है	२१	१८-श्रीगौड़ीय सम्प्रदाय एवं अचिन्त्य भेदाभेदवाद	४०-५६

क्रम.	पृष्ठ	क्रम.	पृष्ठ
१-श्रीसाधनदीपिका नवम कक्षा मुख्यतत्व निरूपण	५७	४-उपासक चतुर्विध	६४
२-भक्ति निरूपण	५८	५-समर्थारति	६५
३-रागानुगा भक्ति	५९	६-मन्त्रमयी स्वारसिकी उपासना	६६

क्रम.	पृष्ठ
७-गुरु लक्षण	६६
८-विरक्त लक्षण	६७
९-रागानुगाधिकारी लक्षण	६८
१०-शिष्य लक्षण	६९
११-रागात्मिका लक्षण एवं विभाग	७०-७१
१२-रागानुगा द्विविधा लोभ का लक्षण	७२
१३-गुरु लक्षण एवं गुरुकरण की आवश्यकता, रहस्यलीला-श्रवण, दर्शन स्मरणादि का अधिकारी निर्णय	७२-७३
१४-श्रुतिगण वांछित रागानुगा	७४
१५-रागानुगा भक्ति के अंग समूह	७५-७६
१६-भाव प्रेमरस प्रक्रिया	७७-७९
१७-उपपति, परकीया भाव में रसोत्कर्ष पर सप्रमाण विमर्श	७९
१८-श्रीगौरांगदेव तथा उनके समस्त परिकरगण नित्य परकीयावादी	११९
१९-दशम कक्षा-उत्तमाभक्ति का लक्षण	११९
२०-साधन-भक्ति	१२१
२१-रागानुगा	१२२
२२-गुरुवरण	१२४
२३-श्रवण गुरु	१२५-१२९
२४-आचार्य लक्षण	१३०
२५-गोपनीयत्व	१३१
२६-श्रील राधागदाधराष्टकम्	१३२
२७-स्वकीयात्वनिरासविचारः तथा परकीयात्व निरूपणम्	१३३-२२२
२८-परकीया रसोत्कर्ष में संगृहीत प्रमाण-समूह	२२२-२३६
२९-सद्ग्रन्थ अनुक्रमणिका	२३७

॥ श्रीश्रीगदाधरगौरांगौ विजयेताम्॥

विज्ञप्तिः

श्रीश्रीराधाभाव विभावित विग्रह परम करुण श्रीगौरसुन्दर की अनुकम्पा से तदीय हृदय सर्वस्वरूप 'स्वकीयात्व निरासविचारः तथा परकीयात्व निरूपणम्' ग्रन्थ सानुवाद प्रकाशित हुआ, ग्रन्थकार स्वनामधन्य श्रीविश्वनाथ चक्रवर्ती ठक्कुर हैं, इस ग्रन्थरत्न की रचना, उज्जवलनीलमणि की टीका रचना के पश्चात् ही हुई है।

एतत् सह 'साधनदीपिका की नवम, दशम कक्षा' वेदोक्त परकीयावाचक मन्त्र समूह तथा वैष्णवधर्म विवरण भी सन्निविष्ट है।

सम्वत् २०-२० में ग्रन्थ-प्रकाशनव्रती श्रीकृष्णदास बाबा महाशय के द्वारा सर्वप्रथम इस ग्रन्थ का प्रकाशन हुआ। बाबा के आदेश से मैंने इसका हिन्दी अनुवाद भी किया था, किन्तु अनावश्यक बोध से उपेक्षित होकर वह नष्ट हो गया, कालान्तर में परम मधुर श्रीब्रजराजनन्दन की प्रेरणा से भाव उद्बुद्ध हो गया और ग्रन्थ का प्रकाशन भी आनन्द से सम्पन्न हुआ।

ब्रजीय परकीय भाव अति दुर्ज्ञेय, दुरूह, परमोपादेय एवं परम रहस्यमय है, वेद में निगूढ़रूप से इसका वर्णन तो है ही, पुराणादि में भी यत्र-तत्र परमोपादेय रूप से इस भाव का वर्णन मिलता है, अधिकतो कहना ही क्या है-सर्ववेदान्तसार पारमहंस्य संहिता श्रीमद्भागवत में अलौकिक परमावेशरूप परकीय रस का ही परिवेषण परमोपादेय रूप से हुआ है।

श्रीमद्भागवतीय नन्दनन्दन, ब्रजांगनागण के भजन की परिपाटी को देखकर पराजय मान गये थे एवं सदा के लिए ऋणी रहने की भी उन्होंने मुक्तकण्ठ से घोषणा की।

मात्र इतना ही नहीं, किन्तु इतने लोभी भी बन गये थे कि-'कैछन राधा प्रेमा, कैछन मधुरिमा, कैछन तिँहो सुखे भोर' सोचकर निज नाम विनोदी श्रीगौरांग ही हो गये। भक्तों ने उनकी जय-जयकार इन शब्दों से की-

'जय निजकान्ता कान्ति कलेवर, जय निज प्रेयसी भाव विभोर।'

ईश्वरीय सृष्टि में नैसर्गिक विषय एवं आश्रयभाव प्राणियों में होता है, इस सम्बन्ध के अवलम्बन से ही प्राणी जगत् के सभी व्यक्ति व्यवहार निर्वाह करते हैं, किन्तु कालक्रम से विषय आश्रय के महत्व को विस्मित कर देता है और स्वयं विषय बनकर पृथ्वी के भार में वृद्धि करता है, वह भोक्ता भोग्य अभिमान से विभोर हो जाता है।

इस आश्रयतत्व में प्रधानत: स्त्री जाति से लेकर समस्त आश्रित चेतनतत्व का संग्रह होता है, श्रीमन्महाप्रभु के आविर्भाव के समय जगत् पुरुष का रहा और स्त्री जाति की निरापत्ता नहीं रही, पुरुषों से नारी भीत रहती थीं, धर्मीय संविधान कन्या बिक्री करने वाले की निन्दा करके भी कन्यादान की प्रशंसा करते थे। फलत: जननी मा, गृहिणी प्रभृति शब्द व्यंजित असीमगुण सम्पन्ना मानवीगण के लिए मानव समाज में अति नगण्य स्थान ही रहा, गुण ग्रहण सामग्री तो पुरुष हृदय में रही ही नहीं।

आध्यात्मिकता के क्षेत्र में साधु धार्मिक होने का एकाधिपत्य पुरुष का ही था और नारि से उत्पन्न एवं पालित घोषित होकर भी पुरुष साधु होते थे और नारि राक्षसी, पिशाची, माया शब्द से लांछित होती थी। साहित्यालंकार के क्षेत्र में मनीषिगण निज-निज प्रतिभा को नारि के अंग-प्रत्यंग विशेष के वर्णन में लगा देते थे और रस एवं शृंगार शब्द स्त्री विलास में रूढ़ था। इस समय में ही श्रीकृष्णचन्द्र आश्रयतत्व श्रीराधाभाव विभावित वपु श्रीगौरांग होकर आविर्भूत हुए। यह ही सर्वप्रथम अवतार, जो नारी के भाव आस्वादन के लिए ही अवत्तीर्ण हुए, इनको छोड़कर समस्त अवतारों की हेतु परिभाषा दुष्टदमन, शिष्टपालन, धर्मस्थापन ही है।

आपने साहित्यालंकार, कामतन्त्र, गान्धर्वकला को निर्दुष्ट बनाया, आध्यात्मिकता के क्षेत्र में शृंगाररस विशेषकर औपपत्य को विशुद्ध एवं विभीषिकाहीन बनाया और पुरुष के अभिमान को

चूर्ण–विचूर्ण करके 'वन्दे नन्द ब्रजस्त्रीणां पादरेणु मभीक्षणश:।' पुन:–पुन: स्त्री की चरण–वन्दना करने को सिखाया और ग्राम्यरस वर्जन की रीति को सुस्पष्ट किया।

यद्यपि आपने भी निद्रिता धर्मपत्नी को त्यागकर संन्यास ग्रहण किया था और स्त्री स्पर्श से मृत्यु होगी, इस विभीषिका में अनवरत रहते थे, तथापि भिक्षा का निर्वाह तो आप स्त्री के हाथ से ही करते थे अधिक कहना तो क्या है, श्रीजगन्नाथदेव के समक्ष असंख्य जन–समागम में एक उड़िया रमणी को कन्धे पर लेकर दीर्घकाल तक खड़े थे, सम्भ्रम से उतारने वाले को तो आपने फटकारा, किन्तु वह रमणी लपट–झपटकर श्रीमन्महाप्रभुजी के वपु को सिड्डी बनाकर कन्धे पर पैर रखकर खड़ी हो गयी, रमणी का भार और पाद स्पर्श दोनों ही उनको परमानन्दित करते थे, अनुयायियों को फटकारते हुए आपने कहा था, इसे न उतारो यथेष्ट श्रीजगन्नाथदेवजी का दर्शन करने दो। 'हेन आर्त्ति जगन्नाथ मोरे नाहि दिला।' इत्यादि आपने तो रूढ़भावमयी ब्रज सीमन्तिनीगण के द्वारा कल्पित रम्या उपासना को ही सर्वोच्च स्थान दिया तथा ब्रजगोपियों के भावानुसरण को छोड़कर ब्रजभाव–प्राप्ति की सम्भावना को उन्मूलित किया और कहा–'काम थाकिते प्रेम हवे ना ब्रजगोपीर भाव बिने।'

श्रीमन्महाप्रभुजी के चिरसाथी श्रीरघुनाथदास गोस्वामीजी ने सत्य ही कहा है–'अनावेद्यां पूर्वैरपि मुनिगणैर्भक्ति निपुणै: श्रुतेर्गूढां प्रेमोज्ज्वलरसफलां भक्ति लतिकाम्।'

कृपालुस्तां गौड़े प्रभुरपि कृपाभि: प्रकटयन्।
शचीसूनु: किं मे नयन शरणीं यास्यति पुन:।।

एकमात्र श्रीचैतन्यदेवजी के द्वारा अनुमत ब्रजीय परकीयाभाव की उपासना, भावना, साधना मधुराति मधुर है, वह इस प्रकार से है–

श्रीराधाप्राणबन्धोश्चरणकमलयोः केशशेषाद्यगम्या,
यासाध्या प्रेमसेवा ब्रजचरितपरै र्गाढ़ लौल्यैक लभ्या।
सा स्यात् प्राप्ता यया तां प्रथयितुमधुना मानसीमस्य सेवां,
भाव्यां रागाध्वपान्थै र्ब्रजमनुचरितं नैत्यिकं तस्य नौमि।।

(श्रीगोविन्दलीलामृत)

श्रीहरिविरिंचि अनन्त भी जिसको समझ नहीं पाते हैं, मात्र ब्रजलीला के प्रति प्रगाढ़ अनुराग लालसा से ही जिसकी प्राप्ति होती है। रागमार्ग के पथिकवर्ग जिसकी भावना सर्वदा करते हैं। जिस उपाय से श्रीराधिका के प्राणबन्धु श्रीकृष्ण के चरण-कमल की मानसी प्रेम-सेवा प्राप्त होती है, उस उपाय को प्रकाश करने के लिए तदीय दैनन्दिन ब्रजचरित को नमस्कार करता हूँ।

अलौकिक विशुद्ध परमावेशमय परकीयाभाव के साधकों के चरित्र भी विचित्र हैं, श्रीकृष्ण-राधा के प्रश्नोत्तर से उसकी एक झलक प्राप्त होती है-

तृप्तावन्यजनस्य तृप्तिमयिता दुःखे महादुःखिताः,
लब्धैः स्वीयालिदुःख निचयै र्नोहर्षबाधोदयाः।
स्वेष्टाराधन तत्परा इह यथा श्रीवैष्णव श्रेणयः,
कास्ता ब्रूहि विचार्य चन्द्रवदने ता मद्वयस्या इमाः।।

(श्रीगोविन्दलीलामृत-१३।११३)

अन्यजन की तृप्ति से तृप्त दुःख से दुःखित, निज सुख-दुःख समूह की प्राप्ति से न सुखी न दुःखी निज इष्ट की आराधना में तत्पर श्रीवैष्णवगण जिस प्रकार होते हैं, उस प्रकार स्वभावाक्रान्त ही मेरी वयस्यागण हैं। कारण-

सख्यः श्रीराधिकाया ब्रजकुमुदविधो र्ह्लादिनी नाम शक्तेः,
सारांशप्रेमवल्ल्याः किशलयदलपुष्पादितुल्याः स्वतुल्याः।
सिक्तायां कृष्णलीलामृत रस निचयैरुल्लसन्त्याममुष्यां,
जातोल्लासाः स्वसेकाच्छतगुणमधिकं सन्ति यत्तन्नचित्रम्।।

(श्रीगोविन्दलीलामृत-१०।१६)

श्रीराधा के सुख से सखीगण की जो सुखोत्पत्ति होती है, श्रीराधा के साथ उन सबका अभेद ही उसका कारण है, कारण ब्रजरूप कुमुद समूह के चन्द्रस्वरूप श्रीकृष्ण की ह्लादिनी नाम की जो शक्ति है, उसका सारांश रूप ही प्रेम है, वह प्रेम ही राधारूपी लता है, सखीगण उनके पत्र-पुष्प, नव-पल्लवस्वरूप होने के कारण वे सबही श्रीराधा के तुल्य हैं, अतएव श्रीराधास्वरूप लता श्रीकृष्णलीला समूह से अभिषिक्त होकर उल्लसिता होने से समस्त पत्र-पुष्पस्वरूप सखीगण निज सिंचन की अपेक्षा से शतगुण उल्लासवती होती रहती हैं, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है॥

स्पृशति यदि मुकुन्दो राधिकां तत् सखीनां,
भवति वपुषि कम्प स्वेद रोमांच वाष्पम्।
अधर मधुमुदास्याश्चेत् पिवत्येष यत्नात्,
भवति वत तदासांमत्तता चित्रमेतत्।

(श्रीगोविन्दलीलामृत-११।१३७)

आश्चर्य की बात तो यह है कि-श्रीकृष्ण, श्रीराधिका को स्पर्श करने से उनकी सखियों के तन में कम्प, श्वेद, रोमांच, वाष्पादि होते रहते हैं, श्रीकृष्णचन्द्र यत्नपूर्वक यदि श्रीराधिका के अधर मधुपान करते हैं, तो उनकी सखियों में मत्तता छा जाती है।

इस प्रकार भाव माधुर्य परम ममतामयी अलौकिक परकीया लीला में ही सम्भव है, कारण-

पातिव्रत्यं क्वनु परबधूत्वापवादः क्व चास्याः,
प्रेमोद्रेकः क्वच, परवशत्वादिविघ्नः क्व चायम्॥
कैषौत्कण्ठा क्वनु वकरिपो र्नित्य सङ्गाद्यलब्धि,
मूलं कृष्ट्वा कषति हृदयं कापि शल्यत्रयी नः॥

(श्रीगोविन्दलीलामृत-११।१२१)

श्रीराधा का पातिव्रत्य कितना अनुपम है ? और वहाँ पर परबधूरूप अपवाद भी किस प्रकार दुःखद है ? अर्थात् जहाँ पर उस प्रकार पातिव्रत्य विद्यमान है, वहाँ पर परबधूरूप अपवाद की सम्भावना ही नहीं हो सकती है, प्रेमोद्रेक भी किस प्रकार है ?

अर्थात् वहाँ पर पराधीन होने की समस्या भी किस प्रकार हो सकती है अर्थात् जहाँ पर प्रेमाधिक्य है, वहाँ पर विघ्न की सम्भावना ही नहीं होती है, दूसरी बात उत्कण्ठा भी किस प्रकार है ? एवं श्रीकृष्ण से निरन्तर मिलन का अभाव भी किस प्रकार है ? इस प्रकार अनिर्वचनीय शल्यत्रय हमारे हृदय को कुरेद रहे हैं। यहाँ पर पातिव्रत्य, प्रेमोद्रेक, उत्कण्ठा यह तीन ही सत् साधक हैं एवं अपवाद, विघ्न, संगाभाव यह तीन असत् हैं। इस प्रकार तीन शल्य हृदय को आर-पार बिद्ध कर रहे हैं। इस कार्य के प्रति, पूर्व तीन सत् हैं, अपर तीन असत् हैं, इस हेतु यहाँ पर सद्सद योग समुच्चय हुआ है।

इस अलौकिक परकीयाभाव परमास्वाद्य होने के कारण श्रीकृष्णचन्द्रजी ने सोल्लास से (भा० ११।२-१२) उद्धव से कहा है-

मत्कामारमणं जारमस्वरूपं विदोऽवला:।
ब्रह्म मां परमं प्रापु: सङ्गात् शतसहस्रश:।।

इसका अर्थ-शतसहस्र गोपनारीगण मात्र मेरी कामना से मेरे स्वरूप को न जानने पर भी जारबुद्धि से, रमणबुद्धि से मुझमें आसक्त होकर परंब्रह्मस्वरूप मुझको प्राप्त किये हैं, अतएव हे उद्धव ? श्रुति, स्मृति, प्रवृत्ति, निवृत्ति, श्रोतव्य एवं श्रुत सभी को छोड़कर सब प्रकार से सभी देहि के शरण्य मुझ परमात्मा की शरण ग्रहण करो, मैं तुम्हें अकुतोभय करूँगा।

अहैतुक पारस्परिक अकैतव ममत्वास्वादन ही उत्तमा ब्रज भक्ति अथवा परकीयाभाव है, इसमें ग्राम्यजनानुभूत संभोग लीलास्वादन की संभावना ही नहीं है, यह विदग्ध शिरोमणिगण सेवित अनवद्य भागवतधर्म है, अतएव नर्मालाप, नखदन्त क्षत किंवा चुम्वनादि लीला से भी विद्वदनुभव प्रामाण्य से संप्रयोग नामक क्रीड़ा विशेष की समधिक गौणता ही है, 'विदग्धानां लीला विलासेन यत्सुखं न तथा संप्रयोगेन स्यादेवं रसिकाबिदु:।' (उज्ज्वल शृं०-२५३) रसिक व्यक्तियों को जो सुख परस्पर लीला-विलास से होता है, संप्रयोग से तज्जातोय सुखास्वादन

नहीं होता है। उसकी संक्षिप्त झलक श्रीवृषभानुनन्दिनी के वचन से-

'वटो ! न ते कृत्य मिहास्ति पुष्पा रामेऽवलास्वैरविहारधाम्नि पशूनवं स्त्वं पशुपालसङ्गी, तच्चारणाय ब्रज शाद्वलेषु ।।'

स्मितरुचि शिशिरात्तद्वक्त्रपीयूषरश्मे,
श्चलनयनकुरङ्गोत्प्लावरम्यात् स्रवन्तीम्।
पिवति हरिचकोरे नर्म पीयूषधारा
मतृपदिह सखीनां दृक्चकोरीचयोऽपि।।

बटु ! स्त्रियों के टहलने की बगीची में तुम्हें आने की आवश्यकता क्या है ? तुम ग्वारिया हो, ग्वाल-वाल साथ में हैं, जहाँ हरियाली है, वहाँ गाय चराने के लिए चले जाओ, तब कृष्ण, ईषत्, हास्य रुचिरूप सुशीतल एवं चंचल नयन कुरंग के साथ रम्य श्रीराधा के वदन सुधाकर से विगलित परिहासामृत पान करने लगे, यह देखकर सखीगण की सब नयनचकोरी भी परितृप्त हो गयीं।

अनन्तर श्रीकृष्ण राधा को रोकने के लिए आगे बढ़ने से-

वाष्प व्याकुलितारुणाञ्चलचलन्नेत्रं रसोल्लासितं,
होलोल्लास चलाधरं कुटिलित भ्रूयुग्ममुद्यत्स्मितम्।।
कान्तायाः किलकिञ्चिताञ्जितमसौ वीक्ष्याननंसङ्गमा,
दानन्दं तमवाप कोटि गुणितं योऽभून्न गी गोंचरः।।

(श्रीगोविन्दलीलामृत-९-१८)

उस समय श्रीकृष्ण राधा के रसोल्लास विशिष्ट वाष्पाकुलित अरुण, चंचल, लोचन, 'हेला विलषित अधर, कुटिल भ्रूद्वय, उद्गत किलकिंचित् रस विशिष्ट आनन को देखकर संगम से जो कोटि गुण आनन्दानुभव किये थे, वह वाणी का विषय नहीं होता है। गर्व, अभिलाष, रोदन, हास्य, असूया, भय, क्रोध इन सात भावों का एककालीन अतिशय हर्ष हेतु उदय होने से किलकिंचित् भाव होता है, वाष्पव्याकुलितं-रोदन, अरुणाञ्चलं-क्रोध, चलन्नेत्रं-भय, रसोल्लसितं-गर्व, हेलोल्लासचलाधरं-अभिलाष, कुटिलित भ्रूयुग्मं असूया, उद्यत्स्मितं-स्मित वर्णित है।

पारस्परिक अकैतव निविड़ ममत्वास्वादन ही परमधर्म है, उसका परिवेषण ही भगवतीय ब्रजलीला के माध्यम से हुआ है। यहाँ पर प्रसंगवश ऋग्वेद एवं उपनिषत् में जार शब्द का प्रयोग किस प्रकार हुआ है, उसको दिखाते हैं–ऋग्वेद अष्टक–१।१२।६६ सूक्त में जारः कनीनां पतिर्जनीनाम्। सायन–कनीनां कन्यकानां जार जरयिता, यतो विवाह समय में अग्नौलाजादि द्रव्य होमे सति तासां कन्यात्वं निवर्त्तते, अतो जरयितेत्युच्यते। तथा जनीनां जायानां कृत विवाहानां पतिः भर्त्ता। दार जारौ कर्त्तरि णि लुक् च' पाणिनि–३।३।२०।७ जरयतीति। ऋक्–१।१७।११७ सूक्त में १८ जारः कनीन इव, यथा प्राप्त यौवनः कामुकः जारः पारदारिकः सन् परस्त्रियै सर्व धनं प्रयच्छति एवम्। जार आ सतीम् १।२०।१३४।३ जारः पारदारिकः। आसतीम्, उपपत्यागमन–ध्यानेन ईषत् स्वपन्तीम् इस प्रकार ६।५५।४–५ जारः उपपतिः' ९।३८।४ गच्छन् जारो न योषितम्। ९।९६।२३ प्रियां न जारो अभिगीत इन्दुः' १०।१६२।५ यन्त्वा भ्रातापति र्भूत्वा भूत्वा जारोनिपद्यते। छान्दोग्य में २।१३।२ स य एव मेतद् वामदेव्यं; शांकरभाष्य में– कथञ्चिदपि स्त्रियं स्वात्म तल्प प्राप्तां न परिहरेत् समागमार्थिनीम्; वामदेव्य सामोपासनाङ्गत्वेन विधानात्। एतस्मादन्यत्र प्रतिषेध स्मृतयः, वचन प्रामाण्याच्च धर्मावगते र्न प्रतिषेधशास्त्रेणास्य विरोधः। आनन्दगिरि–पराङ्गनां नोपगच्छेत्' इति स्मृतिविरोध माशङ्क्याह–विधिनिषेधयोः सामान्य–विशेष विषयत्वेन व्यवस्था प्रसिद्धेति भावः। किंच–शास्त्र प्रामाण्यादत्र धर्मोऽवगम्यते, न काञ्चन परिहरेदिति च शास्त्रावगतत्वाद वाच्यमपि कर्म धर्मो भवितु मर्हति। तथा च श्रौतेऽर्थे दुर्बलायाः स्मृते र्न प्रतिस्पर्धितेत्याह– वचनेति यथोक्तोपासनावतो ब्रह्मचर्य नियमाभावो व्रतत्वेन विवक्षितः, तन्न, प्रतिषेध शास्त्र विरोध शङ्केति भावः। तुलनीय वृहत्तोषणी–४७।६१–६९।

वैष्णवधर्म

पांचरात्र एवं सात्वत मत 'सात्वत' के सम्बन्ध में पद्मपुराण के उत्तरखण्ड ९९ अध्याय में वर्णित है, सत्त्व सत्त्वाश्रयं

सत्वगुणं सेवेत केशवं। यो ऽनन्यत्वेन मनसा सात्वतः समुदाहृतः विहाय काम्य कर्मादीन् भजेदेकाकिनं हरिं, सत्यं सत्त्व गुणोपेतो भक्त्या तं सात्वतं विदुः। मुकुन्दपाद सेवायां तन्नाम श्रवणेऽपि च। कीर्त्तने च रतो भक्तो नाम्नः स्यात् स्मरणे हरेः॥

वन्दनार्चयो र्भक्ति रनिशं दास्य सख्ययोः।
रति रात्मार्पणे यस्य दृढानन्तस्य सात्वतः॥

सत्+वतुप् सत्वत् (सत्त्वायुक्त, सत्य गुण विशिष्ट, इस धर्मावलम्बि व्यक्तिगण ही सात्वत् सत्वत् कृष्ण–यत् सात्वतं रूप मुशन्ति सन्तम्। भा० १२।८।४६ यह सात्वत सम्प्रदाय वैदिक वैष्णवों के मध्य में श्रेष्ठ वैष्णव 'सम्प्रदाय रूप में ख्यात थे उनके आचार–व्यवहार, रीति–नीति, उपासना पद्धति सर्वतोभाव से उत्तम, निष्काम एवं भागवद् भाव पूर्ण थीं।

कूर्मपुराण के चतुर्थ अध्याय में आदिदेव, महादेव प्रजापति इत्यादि नाम की व्युत्पत्ति प्रदर्शन पूर्वक जगत् को विष्णुमय कहा गया है। कूर्मपुराण से ज्ञात होता है कि यदुवंश के सत्वत राजा इस धर्म की उन्नति के लिए यथेष्ट सहयोगी थे। सत्वतः अंशु के पुत्र, सत्वत के पुत्र सात्वत, यह नारद से सात्वत धर्म जानकर निरन्तर वासुदेव की अर्चना करते थे।

अथांशोः सत्वतो नाम विष्णु भक्तः प्रतापवान्।
स नारदस्य वचनाद् वासुदेवार्चनान्वितः॥
तस्य नाम्ना तु विख्यातं सात्वतं नाम शोभनं।
प्रवर्त्तते महाशास्त्रं कुण्डादीनां हितावहम्॥
सात्वत स्तस्य पुत्रोऽभूत् सर्वशास्त्र विशारदः।

(इत्यादि कूर्मपुराण के यदुवंश वर्णन में)

इससे ज्ञात होता है कि नारद द्वारा उपदिष्ट यह सात्वत् धर्म अति प्राचीन है।

पांचरात्र मत भी अति प्राचीन है। नारद पांचरात्र में इसकी व्युत्पत्ति है–रात्रञ्च ज्ञान वचनं ज्ञानं पञ्चविधं स्मृतम् तेनेदं पञ्चरात्रञ्च प्रवदन्ति मनीषिणः॥१।१। वासुदेवादि चतुर्व्यूह,

प्रेम एवं भक्ति–इस मत के परम लक्ष्य हैं। महाभारत के मोक्षधर्म में सांख्य, योग, पाशुपतादि के साथ इस पांचरात्र मत का उल्लेख है (मोक्षधर्म ३४९ अध्याय) इस मत में संसार बन्धन से मुक्त होने के लिए पंचविध उपाय हैं-(१) काय वाक्य मन के द्वारा संयम पूर्वक देवमन्दिराभिगमन, प्रातः स्तव, प्रणिपात, भगवदाराधना, (२) पुष्प चयन, पुष्पांजलि प्रदान, (३) भगवत् सेवा, (४) भागवत शास्त्र पाठ, श्रवण, मनन, (५) सन्ध्या, पूजा, ध्यान, धारणा भगवान् में चित्त समर्पण, हयशीर्षादि २५ पांचरात्र का उल्लेख है एवं २५७ पांचरात्र ग्रन्थ है, परमात्मसन्दर्भ–१७ एवं भक्तिसन्दर्भ–२२९ में श्रीजीव गोस्वामिपाद ने पांचरात्र का प्रामाण्य स्वीकार किया है, इस मत के वैष्णवगण गीता, भागवत, शाण्डिल्य सूत्रादि को निज धर्मग्रन्थ मानते हैं।

जयन्त भट्ट ने निज न्याय मंजरी ग्रन्थ में पांचरात्र का प्रामाण्य स्थापन किया है, 'ईश्वर कर्त्तृकत्वस्य तत्रापि स्मृत्युनुमानान्तर सिद्धत्वात् मूलान्तरस्य लोभमोहादेः कल्पयितुमशक्यत्वात्' इस वाक्य से आपने पांचरात्र का ईश्वर कर्त्तृत्व निरूपण किया है। सम्प्रति ब्राह्म, वैष्णव, वाशिष्ट, पाराशर, पारम, विश्वामित्र भारद्वाज, आगस्त्य, आहिर्बुध्न्य, सात्वत एवं नारदीय पांचरात्र उपलब्ध है।

भारत के उत्तर पश्चिम अंचल में ही वैष्णवधर्म की प्रचार भूमि थी, उसके पश्चात् दाक्षिणात्य में इस मत का विस्तार हुआ, गोदावरी, कृष्णा, काबेरी तट में द्राविड़देश में, कृतमाला, ताम्रपर्णी नदी के तट पर वैष्णवगण रहते थे।

भा० ११।५।१९–४० एवं ११।७९।१२–१४ में इसका विवरण है, दाक्षिणात्य भ्रमण के समय श्रीमन्महाप्रभुजी द्वारा ब्रह्मसंहिता एवं कर्णामृत ग्रन्थ द्वय के आनयन से ज्ञात होता है कि वहाँ पर पूर्व से ही वैष्णवधर्म का प्रचार–प्रसार था। आलोयारगण की जीवनी भी इस प्रसंग में आलोच्य है।

आचार्य शंकर ने २।२।४५ में पांचरात्र मत का खण्डन किया है। उनके मत में पांचरात्र मत एवं भागवत मत अवैदिक है, आचार्य रामानुज ने शंकर मत का खण्डन किया है, आचार्य शंकर के बहुकाल पूर्व से ही बोधायन, गुहदेव, द्रमिड़ाचार्य प्रभृति वैष्णव थे एवं उनकी वेदान्त सूत्र की व्याख्या वैष्णव सिद्धान्त सम्मत है। महाभारत में पंचरात्रागम एवं सात्वत विधान का उल्लेख है। ब्राह्मण ग्रन्थ रचित होने के पूर्व से ही इस देश में सात्वत धर्म का प्रचार था।

आनन्दगिरि लिखित शंकरदिग्विजय में छः प्रकार के वैष्णव सम्प्रदाय थे। 'भक्ता भागवताश्चैव वैष्णवा: पाञ्चरात्रिण:। वैखानसा: कर्महीना: षड्विधा वैष्णवा मता:॥' महाभारत रचना के पूर्व श्रीकृष्ण वासुदेव की अर्चना होती थी, किन्तु शंकर दिग्विजय ग्रन्थ में श्रीकृष्ण उपासकों का नामोल्लेख नहीं है।

वैष्णवधर्म का क्रमिक विवरण-

वैदिक युग में वैष्णवधर्म--श्रीविष्णु एवं वैष्णव शब्द का प्रयोग वैदिक युग से ही है। प्राचीनतम ऋक् मन्त्र में ऋषिगण विष्णु की उपासना करते थे, भोगैश्वर्य कामना से एवं विपत्ति में श्रीविष्णु की प्रार्थना एवं उनका स्मरण करते थे। निष्काम भाव से भी कभी उनकी महिमा कीर्तन करते थे, ऋग्वेद के प्रथम मण्डल २२ सूक्त के १६ से २१ ऋक् पर्यन्त तत्कालीन विष्णु आराधना का प्रभाव, प्रसार प्रतिपत्ति का आभास मिलता है। (१) अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे पृथिव्या: साप्त धामभि:। (२) इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदं समूलस्य पांसुरे। (३) त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्य: अतो धर्माणि धारयन्। (४) विष्णो: कर्माणि पश्यत: यतो व्रतानि पस्पसे इन्द्रस्य युज्य: सखा। (५) तद् विष्णो: परमंपदं सदा पश्यन्ति सूरय: दिवीव चक्षुराततम्। (६) तद् विप्रासो विपण्यवो जागृवांस: समिन्धते विष्णोर्यत् परमं पदम्। निरुक्ति की टीका में दुर्गाचार्य ने सूर्य को विष्णुनाम से

प्रतिपन्न किया है, किन्तु यह मत सर्वसम्मत नहीं है। कारण वेद विभागकर्त्ता ब्रह्मसूत्र रचयिता व्यासदेव ने विष्णु को सूर्य से पृथक् प्रतिपादन किया है। (गीता-१५।२२) में 'यद्यादित्यगतं तेज स्तत्तेजो विद्धि मामकम्' श्रीनारायण के ध्यान से भी सुस्पष्ट ज्ञात होता है, कि 'ध्येयः सदा सवितृमण्डलवर्ती नारायणः' इत्यादि। पौराणिक के मत में 'ज्योतिरभ्यन्तरे रूपं द्विभुजं श्यामसुन्दरम्' एतद्व्यतीत आलोच्य ऋक् १।१५६।३।१, १६४।४६, ७।१००।३ एवं तैत्तिरीयक ब्राह्मण २।४।३।५, ९, शाकपुणि, और्णवाम प्रभृति व्याख्याकारों ने भी विष्णु शब्द से विभिन्न अर्थ प्रकाश किये हैं। सायण-वादरायण मतानुयायी हैं, महीधर, शाकपुणि के अनुयायी हैं, उनके मत में अग्नि, वायु, सूर्य-विष्णु के तीन अवतार हैं। वादरायण, महीधर, सायण प्रभृति के मत से ही विष्णु स्वतन्त्र देवता रूप में उपासित होते हैं। सूर्य विष्णु के ही तेज से ज्योतिष्मान् हैं।

ऋग्वेद १ मण्डल १५४ सूक्त के ५-६ ऋक् में विष्णु के बल विक्रम की कथा है। 'विष्णु उरुक्रम उरुगाय' विश्व ब्राह्मण उनके त्रिपाद संचरण स्थान हैं। उनके त्रिधाम मधु-माधुर्य, पूर्ण एवं आनन्दमय हैं, वहाँ पर गो समूह है। तथाहि-तदस्य प्रियमभि पाथो अस्यां लयो देवयन्नो मद्धन्ति। उरुक्रमस्य सहिबन्धुरित्थ्या विष्णोः पदे परमे मध्या उते। तां वां वास्तून्यूश्मसि गमघ्यै यत्र गावो भूरि शृङ्गा अयासः। अत्राह तदुरुगायस्य वृष्णः परमं पद मवभाति भूरि। ये दो मन्त्र वर्हास्फुरितरुचि गोपवेश, विष्णु के माधुर्यमय धाम गोलोक वृन्दावन के माधुर्य प्रदर्शक हैं।

परवर्त्ती समय में श्रीव्यासदेव ने समाधि में स्थित विष्णु की माधुर्यमयी लीला को देखकर श्रीमद्भागवत में वर्णन किया है। वैदिक ऋषिगण भी प्रियतम धाम माधुर्य का उत्स गोलोक में द्रुतगतिशील बहुशृंग धेनुवृन्द को देखकर कृतार्थ हुए हैं। इस मन्त्र में गोलोक धाम प्राप्ति की उत्कण्ठा एवं व्यग्रता प्रकाशित है। ये ऋषिगण उस समय 'वैष्णव' नाम से अभिहित न होने पर भी वैष्णव शब्द से कथन योग्य हैं।

(ऋक् १।२२।१७) मन्त्र में वामनावतार, शतपथ ब्राह्मण (१।२।५।७) में इसकी विस्तृति, शतपथ (७।४।३।५) में तैत्तिरीयक आरण्यक में (१।१३।३१) कूर्मावतार, तैत्तिरीयक संहिता में (७।१।५।१) तैत्तिरीयक ब्राह्मण (१।१।३।५) में शतपथ (१४।१।२।११) में वराहावतार, ऐतरेय ब्राह्मण में परशुराम, छान्दोग्य उपनिषत् (३।१७) तैत्तिरीयक आरण्यक (१०।१।६) ऋग्वेद खिलसूक्त में देवकीनन्दन वासुदेव, कृष्ण एवं राधा की उक्ति है। अथर्ववेद में (२।३।४।५) विश्वम्भर नाम है, 'विश्वम्भर विश्वेन मा भरसा पाहि स्वाहा' यह ही प्राचीन गौरमन्त्र है। (ऋक् १०।१५५।३) दारुब्रह्म का अपौरुषेयत्व प्रकटित है।

चार वेदों में ही विष्णु की उपासना वर्णित है। विष्णुसूक्त पुरुषसूक्त (१०।९१ प्रभृति ऋक्, अथर्ववेद (१९।१।६) 'न ते विष्णो जायमानौ न जातो देव महिमः परमतमाप।' ऋग्वेद–'आ कृष्णेन रजसा वर्त्तमानः कृष्णेन रजसा द्यामृणोति सविता, कृष्ण रजांसि दधान।' (ऋग्वेद १।३।५१) मध्ये वामनमासीनं विश्वे देवा उपासते 'कठ' मन्त्र भागवत में १५० ऋक् मन्त्र के द्वारा श्रीरामकृष्ण लीला की भित्ति वेदमन्त्र में प्रतिष्ठित है, श्रीनीलकण्ठ सूरि ने श्रीमद्भागवतीय दशमस्कन्ध की लीला के सूत्र को वेद ऋग्वेद से प्रतिपादन किया है।

ब्राह्मण ग्रन्थ में भी विष्णु का प्राधान्य है, ऐतरेय ब्राह्मण में (१।५) अग्निश्च ह वै विष्णुश्च देवानां दीक्षापालौ। सायण के मत में–'योऽयमग्निः सर्वेषां देवानां प्रथमः। यश्चविष्णुः सर्वेषाम् उत्तमः। तावुभौ देवानां मध्ये दीक्षाख्यस्य च व्रतस्य पालयितारौ' अग्नि ही सकल देवता के मुखस्वरूप हैं, विष्णु समस्त देवताओं में उत्तम हैं। ये दोनों ही दीक्षा दान के अधिकारी हैं। अतएव यज्ञादि कर्म में विष्णु का प्राधान्य है एवं विष्णु यज्ञेश्वर हैं। श्राद्धतत्त्व में वर्णित है–'यज्ञेश्वरो हव्य समस्त कव्य भोक्ताव्ययात्मा हरिरीश्वरोऽत्रगा॥'

शतपथ ब्राह्मण में विष्णु का प्राधान्य एवं महिमा उक्त है। तत् विष्णुं प्रथमं प्राप, स देवतानां श्रेष्ठोऽभवत्' तस्मादाहः विष्णुः देवतानां श्रेष्ठः। इति १४।१।१ ऐतरेय ब्राह्मण प्रथम पंजिका, तृतीय अध्याय चतुर्थखण्ड में उक्त है, 'वैष्णवो भवति विष्णुर्वै यज्ञः स्वयैवेनं तद्देवताया स्वेनच्छन्दसा समर्द्धयति।' विष्णु ही साक्षात् यज्ञमूर्ति हैं, याज्ञिकगण ही वैष्णव हैं। विष्णु स्वयं ही स्वेच्छा से ही दीक्षित वैष्णव को सम्बर्द्धित करते हैं। 'विष्णुर्देवता यस्य स वैष्णवः।' इस प्रकार से ही वैदिक साहित्य में वैष्णवपद का प्रयोग हुआ है। पाणिनि से (४।२।२४) 'सास्य दैवता' इस अर्थ में वैष्णव शब्द की व्युत्पत्ति मिलती है।

इस प्रकार अन्यान्य ब्राह्मणों में भी विष्णु की श्रेष्ठता स्थिरीकृत हुई है। सुतरां ब्राह्मण ग्रन्थ प्रचलन के समय में इस देश में वैदिक वैष्णवों का प्रभाव, प्रादुर्भाव एवं प्रतिपत्ति थी।

उपनिषत् में भी विष्णु का माहात्म्य कीर्तित है- (१) विष्णुर्योनिं कल्पयतु (वृहदारण्यक ६।४।२१), (२) शंनो विष्णु रव्ययक्रमः (तैत्ति० १।१।१), (३) तद्विष्णोः परमंपदं (कठ ३।९।२, मैत्री ६।२६), (४) तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्, महानारा०(३।६), (५) स एव विष्णुः स प्राणः कैवल्यः), (६) यश्च विष्णु स्तस्मै नमो नमः (नृसिंहोत्तर), (७) विष्णुश्च भगवान् देवः ब्रह्मविन्दु), (८) य एव वेद स विष्णुरेव भवति (नारायण), (९) छान्दोग्य ३।१७।६) कृष्णाय देवकी पुत्राय। (११) आदित्यानामह विष्णुः (गीता १०।२१), यह सब उपनिषत् व्यतीत गोपालतापनी, रामतापनी, कृष्णोपनिषत्, महोपनिषत्, वासुदेवोपनिषत्, हयग्रीवोपनिषत् एवं गारुड़ोपनिषदादि वैष्णव साम्प्रदायिक हैं।

शतपथ ब्राह्मण में नारायण नाम अथर्व वेदान्तर्गत वृहन्नारायणोपनिषत् में हरि, विष्णु, वासुदेव नाम हैं। महोपनिषत् में नारायण ही परंब्रह्म अथर्व शिरः उपनिषत् में-देवकी पुत्र, मधुसूदन, नारायणोपनिषत् में (३) ब्रह्मण्यो देवकी पुत्र प्रभृति

नाम है। साम्प्रदायिक उपनिषत् समूह अपेक्षाकृत अप्राचीन होने पर भी वे सब पाणिनि के पूर्व रचित हुई हैं। 'जीविकोपनिषदावौपम्ये' पाणिनि (१।४।७८), भट्टोजी दीक्षितकृत व्याख्या से विदित है कि–एक श्रेणी के ब्राह्मण उसकी रचना करते थे और जीविका निर्वाह करते थे, उपनिषत्कृत्य। अर्थ उपनिषत् सदृश ग्रन्थ करणान्तर यह अर्थ सर्ववैयाकरण सम्मत है, 'उपनिषत्तुल्य' शब्द प्राचीन उपनिषत् की सत्ता मिलती है, पाराशर्य शिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः (पाणिनि ४।३।११०) इससे ज्ञात होता है कि वेदान्तदर्शन के बीजभूत उपनिषत् के अवलम्बन से रचित भिक्षुसूत्र है, इसको पाणिनि जानते थे। (पाणिनि ४।३।९८।९९) सूत्र में भी वासुदेव शब्द भगवत् पर ही प्रयोग हुआ है, यह पाणिनि की सूचना है।

पाणिनि के पूर्वतन यास्क निरुक्ति (३।२।६), 'इत्युपनिषद्वर्णा भवति' इस उक्ति से उपनिषत् शब्द की प्राचीनता सूचित होती है। सुतरां प्रागुक्त उपनिषत् की प्राचीनता में सन्देह करना उचित नहीं है, तब स्वीकारना होगा कि सभी उपनिषत् वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं। जो ग्रन्थ प्राप्य है वह उपनिषत्तुल्य है, किन्तु तैत्तिरीय संहिता के अन्तर्गत नारायणोपनिषत् अति प्राचीन है।

वेद एवं गौड़ीय वैष्णवधर्म–

श्रीभगवान् के नाम, रूप, गुण, लीला, धाम, परिकर कर्मजड़ निर्विशेष ज्ञानी के मत में गौण एवं अनित्य हैं, किन्तु वेद में सुस्पष्ट रूप से उनका नित्यत्व प्रतिपादित हुआ है। फलतः गौड़ीय वैष्णवधर्म का अचिन्त्य भेदाभेदवाद भी वेद की परम मुख्यावृत्ति से ही समर्थित है, गौड़ीय वैष्णव भजन में नाम ही सर्वश्रेष्ठ साधन है उसके सम्बन्ध में (ऋग्वेद १।१५६।३) ॐ आस्य जानन्तो नामचिद् विवक्तन् महस्ते विष्णो सुमतिं भजामहे, ॐ तत् सत्। श्रीजीव गोस्वामीपाद की व्याख्या–'हे विष्णो ! आपका नाम चित्स्वरूप है, स्वप्रकाश है। सुतरां नाम के सम्यक् उच्चारणादि–माहात्म्य न जानकर भी, ईषन्मात्र जानकर भी

नामाक्षर का अभ्यास करने से हम सुमति स्तद्विषयक विद्या भजन रहस्य प्राप्त करेंगे। कारण प्रणव व्यंजित वस्तु स्वतः सिद्ध है, अतएव भय, द्वेषादि स्थल में भी श्रीमूर्ति की स्फूर्ति होती है, अतः 'सांकेत्य' प्रभृति स्थल में नामोच्चारण मु[illegible]तप्रद है। भगवद्संदर्भ-४९।

लीलाधाम परिकर के सम्बन्ध में-

(ऋक् १।५४।६) तां वां वास्तून्यश्मसि इत्यादि, व्याख्या- श्रीकृष्ण-बलदेव की वास्तु लीलाभूमि प्राप्ति के लिए कामना करता हूँ। वहाँ पर बहु श्रृंग शुभ लक्षण कामधेनु रहती हैं, इस भूमि में लोक वेद प्रसिद्ध सर्वकाम परिपूरक चरणारविन्द श्रीकृष्ण के प्रपंचातीत गोलोक नामक परमपद धाम सुप्रकाशित हैं। यजुर्वेद माध्यन्दिनीशाखा में धाम का नित्यत्व प्रतिपादित है, या ते धाम-'न्युश्मसीत्यादौ विष्णोः परमंपदं वभाति भूरि॥' पिप्पलाद शाखा में-'यत्तत् सूक्ष्मं परमं वेदितव्यं नित्यपदं वैष्णव ह्यामनन्ति' इत्यादि। ऋग्वेद में १।२२।१६४-३१), अपश्यं गोपामनिपद्यमानमा च परा च पथिभिश्चरन्तम्॥ इत्यादि में श्रीकृष्ण लीला की नित्यता प्रतिपादित है। इस प्रकार रूप, गुणादि भी नित्य हैं, उसका प्रमाण वेद संहिता में है।

'उपनिषत्' शब्द का विविध अर्थ-

(१) जिससे ब्रह्मेत्तर विषय में आसक्ति नष्ट होती है।
(२) जिससे पाप, पाप बीज, अविद्या उन्मूलित होती है।
(३) जिससे निःसंशय से ब्रह्म सामीप्य लाभ होता है, वह ही उपनिषत् शब्द वाक्य है। रूढ़ि, योग, योगरूढ़ि, महायोग, विद्वद्रूढ़ि, इन पंच मुख्य शब्दवृत्ति से उपनिषत् शब्द द्वारा उपगम्य, उपगन्ता एवं उपगमन, यह त्रिविध वस्तु क्रिया निर्दिष्ट होकर जीव एवं ब्रह्म का नित्य अवस्थान एवं उनके नित्य सम्बन्ध का बोध होता है। नामात्मक शब्द ब्रह्म के मध्य में रूप, गुण, क्रिया, स्वरूपादि अन्तर्भुक्त है। उपगन्ता जीव की उपगम्य भगवान्

के निकट उपगमन क्रिया, एकमात्र श्रवण के द्वारा ही साधित होती है, आत्मा वा अरे दृष्टव्य:, श्रोतव्य:, श्रवण से कीर्तन होता है, श्रीमद्गौरांगदेव का भी अभिप्रेत अभिधेय श्रवण–कीर्तन ही है।

श्रीगौड़ीय वैष्णव सिद्धान्त में आम्नाय वाक्य ही प्रमाण रूप में गृहीत है। श्रीमद्बलदेवविद्याभूषणपाद ने नव–प्रमेय रूप में उसका प्रकाश किया है। आम्नाय वाक्य का मौलिक प्रमाणत्व एवं ब्रह्म सम्प्रदाय का सनातनत्व के सम्बन्ध में (मुण्डक १।१।१, १।२।१३), उपनिषत् में–'ब्रह्मा देवानां प्रथम: सम्बभूव विश्वस्य कर्त्ता भुवनस्य गोप्ता। स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्या प्रतिष्ठामथर्वाय ज्येष्ठ पुत्राय प्राह। येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम्।' (वृहदारण्यक २।४।१०) अस्य महतो भूतस्य नि:श्वसितमेदृग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदाथर्वाङ्गिरस इतिहास: पुराणं विद्या उपनिषद: श्लोका: सूत्राण्यनुव्याख्यानानि सर्वाणि नि:श्वसितानि॥

श्रीकृष्ण ही परतत्त्व–(गोपालतापनी) 'तस्मात् कृष्ण एव परोदेव स्तं ध्यायेत्तं रसेद्' इत्यादि, एकोवशी सर्वग: कृष्णईड्य:। (छान्दोग्य ८।१३।१) 'श्यामाच्छबलं प्रपद्ये' (छान्दोग्य ८।१।२) मन्त्र में ब्रह्मपुरे पद्म पुष्प सन्निभ धाम का इंगित है। (ब्रह्मसंहिता ५।२) सहस्रपत्रं कमलं गोकुलाख्यं महत् पदं तत् कर्णिकारं तद्धाम तदनन्तांश सम्भवम्। श्वेताश्वतर उपनिषत् में (३।८,१६,१९,४।५।४।२०,६।७) प्रभृति में श्रीभगवान् का स्वत: प्रकाशत्व, प्रकृत्यतीतत्व, श्रेष्ठतत्व, सर्वशक्ति सम्पन्नत्व, सर्वव्यापित्व अविचिन्त्य शक्तिमत्त्व प्रभृति प्रतिपादित हैं। (तैत्तिरीय २।७) अनुवाक रसो वै स:, इत्यादि में श्रीकृष्ण को ही अखिल रसामृत समुद्र कहा गया है। (छान्दोग्य ७।२५।२) में जीव भगवान् को सर्वस्व रूप में यदि जानता है, तो वह आत्मक्रीड़, आत्ममिथुन आत्मानन्द एवं स्वराट् हो सकता है।

अचिन्त्य भेदाभेदवाद में वेदान्त की उभयनिष्ठ श्रुति समूह के युगपत् प्रामाण्य स्वीकृत हुआ है, यथा-

(१) अभेद पक्ष में सर्वं खल्विदं ब्रह्म (छान्दोग्य ३।१४।१) आत्मैवेदं सर्वमिति (७।२५।१) स देव सौम्येदमग्र आसीत् (६।२।१) इत्यादि।

भेद पक्ष में ब्रह्म विदाप्नोति परम्। (तैत्तिरीय २।१) महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति (क० १।२) यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता (तै आ १ अनु) यस्मात् परं नापरमस्ति किंचित् (श्वेताश्वतर ३।९) प्रधान क्षेत्रज्ञ पतिर्गुणेश: (श्वेताश्वतर ६।१६) तस्यैष आत्माविवृणुते तनुंस्वां (कठ० २।२३, मु० ३।२), नित्यो नित्यानां (कठ० २।२३) अयमात्मा सर्वेषां भूतानां मधु। (वृहदारण्यक २।५।१४) इत्यादि।

पौराणिक युग में वैष्णवधर्म

महाभारत के मोक्षधर्म अध्याय में नारायणीय नामक अर्न्तध्याय है। यह सब अध्यायों में प्राचीनकाल के नारायणोपासक वैष्णवगण की विवृत्ति है, शान्तिपर्व के ३३५ अध्याय में १७।१९ श्लोक में उपरिचर राजा के इतिवृत्त से ज्ञात है कि आप नारायण के परम भक्त थे। आप सूर्यमुख विनि:सृत सात्वत विधि के अनुष्ठान द्वारा पूर्व ही नारायण की एवं उनकी प्रसादी वस्तु के द्वारा पितामह ब्रह्मा प्रभृति की पूजा किया करते थे। सात्वत शब्द में टीका की, नीलकण्ठ सूरि ने लिखा है-'सात्वतानां पांचरात्राणां हितं।' (शान्तिपर्व ३२५।२५) पांचरात्र मुख्य ब्राह्मणगण भागवत प्रोक्त भोज्यादि का ग्रहण करते थे। महाभारत के उस विवरण से ज्ञात होता है कि-सात्वत विधान ही प्राचीन वैष्णव मत है। मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु एवं वशिष्ठ यह सप्तर्षि चित्र शिखण्डी नाम से विख्यात एवं सात्वत विधि का प्रवर्त्तक है, उपरिचर राजा वृहस्पति के निकट से यह चित्र शिखण्डिज

शास्त्राध्ययन किये थे एवं उसके अनुसार याग-यज्ञादि का अनुष्ठान भी करते थे। शान्तिपर्व से ३३७।३-५ से जाना जाता है कि 'अजेन यष्ठव्यमिति' इस वाक्यस्थ अज शब्द छाग का बोधक न होकर बीज का बोधक है। नीलकण्ठ टीका में 'यदा भगवतोऽत्यर्थमित्यादिरध्यायो वैष्णवानां हिंस्र यज्ञ वर्जनार्थः' इत्यादि द्रष्टव्य। ३४६ अध्याय में (४७) 'भक्त्या परमया युक्तैर्मनो वाक् कायकर्मभि स्तदा' एवं (६४) 'नारायणो नरोभूत्वा नारायण जपं जपन्' इन दोनों वचनों में जो भक्ति की बात कही गयी है, यह भक्ति ही वैष्णवधर्म की उपासना का प्रधान वैशिष्ट्य है, यह ही सात्वत विधि है, स्वयं श्रीभगवान् ही इस धर्म के आदि उपदेष्टा हैं। (महाभारत शान्ति ३३५।३४-३४), श्रीमद्भागवत में भी सात्वत तन्त्र के प्रकाश के सम्बन्ध में पौराणिक इतिहास है। (भा० १।३।९) तृतीय ऋषिसर्ग में श्रीनारद रूप में निष्कर्ष लक्षण 'सात्वततन्त्र' प्रकाश किया था। उक्त श्लोक की टीका में श्रीधरस्वामी कहते हैं-'सात्वतं वैष्णवतन्त्रं पंचरात्रागममाचष्ट' सात्वतधर्म को श्रीमद्भागवत में श्रीभागवतधर्म भी कहा गया है। स्वयं भगवान् ने ब्रह्मा के निकट पूर्व में भागवतधर्म उपदेश किया था। ब्रह्मा ने नारद को, नारद ने व्यास को इस प्रकार परम्परा क्रम से यह धर्म चला आ रहा है। (भा० २।९।४२।४३) तृतीय स्कन्ध की टीका के प्रारम्भ में श्रीधरस्वामी ने भागवत सम्प्रदाय की प्रवृत्ति के विषय में कहा है- 'द्वेधा हि भागवत सम्प्रदाय प्रवृत्तिः, एकतः संक्षेपतः श्रीनारायणाद् ब्रह्मनारदादिद्वारेण, अन्यतस्तु विस्तरतः शेषात् सनत्कुमार सांख्यायनादिद्वारेण।' षष्ठ स्कन्ध में (३।२०-२१) ब्रह्मा, रुद्र, सनत्कुमार प्रभृति द्वादशजन ही भागवत धर्मवेत्ता हैं।

इससे प्रमाणित हुआ कि प्राचीनतमकाल से ही यह वैष्णवधर्म, सात्वतधर्म, भागवतधर्म एवं पांचरात्रधर्म नाम से अभिहित है। सात्विक पुराणों की आलोचना करने पर इस धर्म का विस्तृत विवरण मिलता है। सुतरां पुराणादि सम्मत सात्वतधर्म,

अवैदिक नहीं है, आधुनिक भी नहीं है, पुराण समूह भी श्रुति सम्मत ही है, इसमें ब्राह्मण ग्रन्थ समूह में प्रमाण है। मध्य भारत में ग्वालियर की दक्षिण सीमांत के वेस नगर में १९०-९ ई० में जो शिलालिपि मिली थी, उसका कुछ अंश इस प्रकार है-'देव देवस वासुदेवस गरुड़ध्वजे अयं कारिते इय होलिओडोरेण भागवतेन दियन पुत्रेण तक्षशिलाकेन योन दातेन आगतेन अन्त महाराजस अन्तलिकितस उपन्ता।' यह गरुड़ध्वज-तक्षशिला निवासी भागवत होलिओडोर के द्वारा उत्सृष्ट हुआ। इससे ई० पूर्व १७५ से १३५ तक ग्रीकनरपति का राजत्वकाल का निश्चय होता है। अतएव खृष्ट पूर्व बहुकाल से ही श्रीकृष्ण-वासुदेव की उपासना होती थी। खृष्ट पूर्व १५० अब्द के पतंजलि के महाभाष्य में उपास्य वासुदेव की कथा है। बोधायन धर्मसूत्र के पूर्व भी दामोदर-गोविन्द की उपासना होती थी एवं त्रिविक्रम, वामन, विष्णु, वासुदेव रूप में पूजित होते थे। ई० ७०० वर्ष में भी वैष्णवधर्म का अस्तित्व था। इस समय श्रीवासुदेव के चरण-चिह्न की उपासना होती थी। बुद्ध के पद-चिह्न स्थापन के पूर्व गया धाम में श्रीविष्णु पादपद्म की पूजा होती थी, यास्कोद्धृत ऊर्णवाभ के समारोहण में विष्णुपदेगयशिर सीत्यौर्णवाभः वचन से वह प्रमाणित होता है।

बौद्धधर्म प्रचार के पूर्व भी वैष्णवधर्म का प्रसार था, उसका प्रमाण यह है, अदोयद् दारु प्लवते सिन्धोः पारे अपूरुषम्। तदा रभस्य दुर्हणोतेन गच्छ परस्तरम्। (ऋग्वेद १०।१५५।३) सायनाचार्य कृत भाष्यम् अदो विप्रकृष्टदेशे वर्त्तमानपुरुष निर्मात्रा पुरुषेण रहितं, यद् दारु दारुमयं पुरुषोत्तमाख्यं देवता शरीरं सिन्धोः पारे समुद्रतीरे प्लवते जलस्थोपरि वर्त्तते तद्दारु हे दुर्हणो दुःखेन हननोय केनापि हन्तुमशक्य। हे स्तोतराररभस्व आलम्वस्व उपास् स्वेत्यर्थ तेन दारुमयेण देवनोपास्य मानेन परस्त रमतिशयेन तरणीयमुत्कृष्टं वैष्णवं लोकं गच्छ अर्थात् अनादिकाल से जो अपौरुषेय दारुमय पुरुषोत्तमदेव समुद्र तट में विराजमान

हैं, उनकी उपासना से ही सर्वोत्कृष्ट वैष्णवधाम में प्रगति होती है, उक्त मन्त्र सूचित करता है कि अनादिकाल से ही श्रीजगन्नाथदेव की उपासनादि प्राप्त है।

वर्तमान वैष्णव-सम्प्रदाय

पद्म पुराण एवं गौतमीयतन्त्र में उक्त है, वैष्णव-सम्प्रदाय चार हैं, अतः कलौ भविष्यन्ति चत्वार सम्प्रदायिनः। 'श्रीब्रह्म रुद्र सनकाः वैष्णवाः क्षिति पावनाः।' कलियुग में श्रीब्रह्म, रुद्र, सनक नामक चार सम्प्रदाय क्षिति पावन होंगे। यह सम्प्रदाय सम्प्रति आचार्य के नाम से प्रसिद्ध हैं, 'रामानुजं श्रीः स्वीचक्रे मध्वाचार्यं चतुर्मुखः, श्रीविष्णुस्वामिनं रुद्रो निम्बादित्यं चतुः सनः।' श्रीरामानुज को, ब्रह्मा श्रीमध्वाचार्य को, रुद्र श्रीविष्णुस्वामि को एवं चतुःसन श्रीनिम्बार्क को निज-निज सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक रूप में अंगीकार किया है। भारतवर्ष में सम्प्रति चार-सम्प्रदाय ही दृष्ट होते हैं। किन्तु श्रीगौरांगदेव मध्वाचार्य सम्प्रदाय भुक्त होकर भी वैष्णवधर्म का अभिनव समुज्ज्वल सिद्धान्त प्रकट किये हैं। समग्र बंग उड़ीसा में इस सम्प्रदाय की विस्तृति है। श्रीराजेन्द्रनाथ घोष कृत आचार्य शंकर एवं रामानुज ग्रन्थ की ८९३ पृष्ठा में लिखित है-रामानुज पांचरात्र सम्प्रदाय के शिष्य हैं, गौड़ीय वैष्णव मार्ग भागवत सम्प्रदाय सम्मत है, रामानुज अद्वैतवाद के विरुद्ध में महासंग्राम करके निज पांचरात्र मत का उद्धार किया है, अप्रतिहत गति से उसकी उन्नति होने पर भी गौड़ीय वैष्णव सिद्धान्त के तुल्य जगत् को कोई अमृतमय सिद्धान्त प्रदान करने में श्रीरामानुज भी समर्थ नहीं हुए। मध्वाचार्य मत को प्राचीन भागवत मत कहा जा सकता है, किन्तु वह भी गौड़ीय सम्प्रदाय की भाँति उत्कर्ष प्राप्त करने में असमर्थ रहा। यह भक्ति सिद्धान्त कुमुदिनी श्रीमन्महाप्रभुरूप पूर्णशशि की किरण से सुजला सुफला सस्य श्यामला बंगभूमि की स्वच्छ सलिला स्निग्धसरसी के मध्य में प्रस्फुटित हुई है अथवा कहा भी जा सकता है कि उस पूर्णचन्द्र की स्निग्धोज्ज्वल ज्योति में अन्य मत समूह निर्मल गगन में तारका

के समान विलीन हो गये हैं। इसलिए पांचरात्र अथवा प्राचीन भागवत की अवश्यम्भावी गति सागर में नदी की भाँति गौड़ीय सम्प्रदाय के मध्य में है, अन्यत्र नहीं है। उसके पश्चात् गौड़ीय सम्प्रदाय भागवत अथवा पांचरात्र मत को आश्रय कर निजस्व भक्ति सिद्धान्त स्थापन किया है, आप पांचरात्र एवं भागवत उभय मत के सामंजस्य की रक्षा करके भक्तितत्त्व के अपूर्व सिद्धान्त में उपनीत हुए हैं।

श्रीसम्प्रदाय एवं विशिष्टाद्वैतवाद

यद्यपि श्रीरामानुजाचार्य से ही श्री सम्प्रदाय का समधिक प्रसार एवं प्रतिपत्ति लाभ हुआ है। तथापि इसके पूर्व बोधायन, द्रविड़, टंक, गुहदेव, शठकदमन, नाथमुनि एवं यामुनाचार्य प्रभृति प्राचीन मनस्वीगण विशिष्टाद्वैतवाद का ही समर्थन एवं पुष्टि साधन किये हैं, यह मत श्रीरामानुज कल्पित नहीं है, किन्तु उन्होंने इस मत को प्रमाण एवं युक्ति के द्वारा सुप्रतिष्ठित किया है। अविसंवादित सत्य यह है कि आचार्य शंकर के प्रतिद्वन्द्वी रूप में श्रीरामानुज का स्थान ही सर्वोच्च है, श्रीरामानुज के अभिमत सिद्धान्त का नाम ही विशिष्टाद्वैतवाद है। विशिष्ट अर्थ–चेतन एवं अचेतन विशिष्ट ब्रह्म, द्वैत का अर्थ भेद, अद्वैत का अर्थ अभेद अथवा एकत्व मिलित अर्थ यह है कि–चेतन अचेतन विभाग विशिष्ट ब्रह्म का अभेद अथवा एकत्व निरूपक सिद्धान्त। किसी के मत में ब्रह्म दो प्रकार हैं, एक स्थूल चेतना चेतन विशिष्ट, अपर सूक्ष्म चेतना चेतन विशिष्ट इस उभयविध ब्रह्म का अद्वैत अथवा एकत्व प्रतिपादक सिद्धान्त का नाम विशिष्टाद्वैतवाद है। इस मत में पदार्थ तीन प्रकार हैं-(१) चित्, जीव, (२) अचित्, जड़, (३) ईश्वर। 'ईश्वरश्चिदचिच्चेति पदार्थ त्रितयं हरिः॥' ये तीन पदार्थ तत्त्वत्रय नाम से प्रसिद्ध हैं, उसके मध्य में चित् अनन्त जीवात्मा, अचित् जड़ जगत् एवं निखिल कल्याण–गुणगणाकर सर्वज्ञ सर्वशक्ति स्वप्रकाश जगत् प्रभु वासुदेव ही ईश्वर हैं। यह तीन ही पुरुषोत्तम श्रीहरिः के रूप हैं। विष्णु पुराण के 'जगत् सर्व

शरीरं ते' इस वचन से ही अनन्त जीव जगत् उनका ही शरीर है, यह प्रमाणित हुआ। तत्त्वत्रय के समर्थन के लिए रामानुज भाष्य में निम्नलिखित सिद्धान्त निचय को स्वीकार किये हैं। (१) स्थूल सूक्ष्म चेतनाचेतन विशिष्ट ब्रह्म का एकत्व। (२) द्वैत एवं अद्वैत श्रुति का विरोध। (३) ब्रह्म का सगुणत्व, विभुत्व प्रभृति सविशेष मात्र। (४) ब्रह्म का निर्गुणत्व निर्विशेषवाद का खण्डन। (५) जीव का अणुत्व, ब्रह्मस्वभावत्व, सेवकत्व। (६) जीव का बन्ध उसका कारण अविद्या। (७) जीव का मोक्ष उसका उपाय विद्या। (८) उपासनात्मक भक्ति का श्रेष्ठत्व, मोक्षसाधनत्व। (९) मोक्ष दशा में जीव की ब्रह्मभाव प्राप्ति का निरसन। (१०) शंकराभिमत मायावाद खण्डन। (११) अनिर्वचनीयतावाद खण्डन। (१२) जगत् तुच्छत्व खण्डन, सत्यतास्थापन। (१३) जीव एवं जगत् का ब्रह्म शरीरत्व निरूपण प्रभृति।

आचार्य श्रीरामानुज ने श्री भाष्य में श्रुति स्मृति युक्ति अनुभवादि के द्वारा उक्त विषय समूह की उत्तम आलोचना एवं मीमांसा करके स्वाभाविक विशिष्टाद्वैतवाद की विशिष्टता प्रतिपादन की है। बौद्ध प्रभाव के समय ही आचार्य शंकर का आविर्भाव हुआ था। सुतरां बौद्ध विजय में आपको रत होना पड़ा, किन्तु श्रीरामानुज का समय उससे भिन्न था, आचार्य शंकर ही उनका एकमात्र प्रतिपक्ष था। उनके मत खण्डन में आपने असीम शक्ति एवं साहस का परिचय दिया है। शंकर भाष्य सरल, मधुर एवं गम्भीर चित्ताकर्षक है, रामानुज भाष्य अधिकतर सूत्रानुसारी तथा समीचीन है। निज मत स्थापन में कष्ट-कल्पना शंकर को करनी पड़ी, रामानुज निज मत समर्थन के लिए क्लेश कर कल्पना नहीं की है। रामानुज की विचार-मल्लता, भावप्रवणता अधिक है, भाषा सौष्ठव अल्प है। भाषा अतिशय जटिल है। विशेष ज्ञान प्राप्त करने के लिए 'आचार्य शंकर एवं रामानुज' श्रीराजेन्द्रनाथ घोष कृत ग्रन्थ देखना आवश्यक है।

ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, मांडूक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य, वृहदारण्यक, कौषितकी श्वेताश्वतर–यह द्वादश उपनिषत् ही प्रस्थानत्रय के अन्तर्गत सर्वमान्य है। प्रस्थानत्रय का अर्थ– उपनिषत्, वेदान्तसूत्र, श्रीमद्‌भगवद्‌गीता है, यह क्रमशः–श्रुति प्रस्थान, न्याय प्रस्थान, स्मृति प्रस्थान शब्द से कहते हैं, इसमें प्रत्येक वेदान्त के लिए भाष्य रचना करना आवश्यक है।

एक ब्रह्म, उपासक भेद से जिस प्रकार भिन्न–भिन्न प्रकाशित होते हैं, तद्रूप एक ही वेदान्त भिन्न–भिन्न सम्प्रदाय प्रवर्त्तक के ज्ञान, बुद्धि, पांडित्य कौशल से भिन्न–भिन्न रूप से प्रकाशित हैं, शंकर एवं रामानुज के पूर्व यहाँ तक कि ब्र सूत्र संग्रह के पूर्व भी वेदान्त सम्बन्ध में ऋषियों में मतभेद था। आत्रेय।, आश्मरथ्य: औडुलोमि कार्ष्णाजिनि, काशकृत्स्न, जैमिनि, वादर प्रभृति ऋषिगण प्रधान–प्रधान वेदान्त सिद्धान्त में एकमत नहीं हैं। (ब्रह्मसूत्र १।४।२०–२०, ४।३।७।१२,१४।४।४।५७) सूत्र दृष्टव्य।

अतएव शंकर एवं रामानुज भिन्न–भिन्न सम्प्रदाय के आदि प्रवर्त्तक नहीं हैं, इसके पूर्व ही वह मत आपने उक्त मत का प्रचार–प्रसार ही किया है। शंकर, रामानुज, मध्वाचार्य प्रभृति प्रस्थानत्रय में भाष्य रचना की है, शंकर शारीरिक भाष्य, रामानुज भाष्य, वल्लभाचार्य कृत अनुभाष्य, श्रीमध्वाचार्य द्वैतभाष्य पूर्णप्रज्ञ दर्शन, निम्बार्क वेदान्त पारिजात सौरभ, श्रीबलदेवविद्याभूषण कृत गोविन्द भाष्य, श्रीहरिदासशास्त्रि कृत भागवत भाष्य विद्यमान है, एतव्यतीत विज्ञान भिक्षु कृत विज्ञानामृत भाष्य, श्रीकण्ठाचार्य कृत शैव भाष्य एवं पंचानन तर्करत्न कृत शक्ति भाष्य भी है। पाणिनि कृत ४।३।१४० में पाराशर्य शिलालिभ्यां भिक्षुनट सूत्रयो: एवं सुपद्म व्याकरण कर्मन्दपाराशर्य्याभ्यामिन् भिक्षु सूत्रे (रामानुजीय गीता भाष्य १३।४) इस सूत्रद्वय से जाना जाता है कि पाराशर कमन्द उभय ने ही पृथक्–पृथक् भिक्षुसूत्र की रचना की थी। भिक्षु शब्द से संन्यासी अर्थ होता है। (भा० ७।१७।३, ७।११।८) श्लोक में भिक्षु की कर्तव्यता निर्दिष्ट है।

वेदान्तदर्शन के चार पाद में सूत्र संख्या ५५८ है, समन्वय अविरोध, साधन फल, चार पादों में वर्णित है। प्रत्येक पाद में चार अध्याय हैं, शांकरदर्शन का तात्पर्य है–'ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या, जीवो ब्रह्मै नापरः।' रामानुज ब्रह्म को चिद्चिद विशिष्ट कहते हैं, यह विशेष पदार्थ भी ब्रह्म का शरीर है एवं नित्य है, रामानुज के ब्रह्म निखिल कल्याण द्रव्य कर्म गुण विशिष्ट वासुदेव हैं।

'वासुदेवः परंब्रह्म कल्याण गुणसंयुतः। भुवनानामुपादानं कर्त्ता जीवनियामकः।' ध्यान एवं भक्ति के द्वारा ही वासुदेव लभ्य हैं। 'ध्यानञ्च तैलधारावदविच्छिन्नस्मृति संतान रूपा ध्रुवानुस्मृतिः। भक्तिः निरतिशयानन्दप्रियानन्य प्रयोजन सकलेतरवितृष्णवद् ज्ञान विशेष एव।' (गीताभाष्य)

शंकर एवं रामानुज दोनों ही अद्वैतवादी हैं। सांख्य के समान प्रकृति पुरुषवादी नहीं है, न्याय वैशेषिक के समान अनेक पदार्थवादी भी नहीं हैं, शंकर–चिन्मात्रवादी हैं, रामानुज चिद्चिद विशिष्ट ब्रह्मवादी हैं। शंकर के मत में चिदेक रस ब्रह्मभिन्न सकल पदार्थ मिथ्या हैं, इन्द्रजालवत् प्रतीयमान है, रामानुज भी सर्वब्रह्ममय स्वीकार करते हैं, किन्तु ब्रह्म सजातीय–विजातीय भेद रहित होने पर भी स्वगत भेदयुक्त हैं, शंकर के मत में जगत् मायाकल्पित है, रामानुज के मत में वास्तव है, शंकर का ईश्वर, माया शवलित है, रामानुज के ईश्वर सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् सर्वकर्त्ता हैं। शंकर के मत में माया उपाधि व्यतीत जीव एवं ब्रह्म में भेद नहीं है। रामानुज के मत में प्रत्येक जीव ही चित्कण एवं ब्रह्म के अंश स्वरूप हैं, इन सभी की पृथक् सत्ता है एवं चिरकाल ही रहेगी। शंकर की मुक्ति ब्रह्म कैवल्य है, रामानुज के मत में भगवद्धाम में नित्य प्रतिष्ठा ही मुक्ति है। शंकर की भाँति रामानुज, सगुण–निर्गुण भेद से दो प्रकार ब्रह्म नहीं मानते हैं। शंकर विवर्त्तवादी, रामानुज परिणामवादी हैं।

श्रीरामानुजीय मत में भगवान् पंचरूप में आत्म प्रकट करते हैं-(१) अर्चा, प्रतिमा, विभव, मत्स्यादि अवतार। (३) व्यूह वासुदेव, बलराम, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध। (४) सूक्ष्म, वासुदेवाख्य परंब्रह्म (५) अन्तर्यामी। इन सबमें छः गुण विद्यमान हैं, विजर, विमृत्यु विशोक, विजिघित्सा (क्षुत् पिपासाभाव) सत्य काम, सत्य संकल्प उपासना भी पाँच प्रकार की हैं। (१) अभिगमन, देवतागृह पथमार्जन अनुलेपनादि। (२) उपादान, पूजोपकरणादि आहरण। (३) इज्या-भगवत् पूजा। (४) स्वाध्याय-अर्थ बोधपूर्वक मन्त्र जप, वैष्णवसूक्त, स्तोत्र पाठ, नामसंकीर्त्तन शास्त्राभ्यासादि। (५) योग-ध्यान धारणा समाधि। फल वैकुण्ठ प्राप्ति।

(१) इस सम्प्रदाय के ग्रन्थ समूह

श्रीभाष्य, द्रमिड़ भाष्य, न्यायसिद्धि, सिद्धित्रय, श्रुत प्रकाशिका वेदान्तविजय, तत्त्वत्रय, गीता भाष्य इत्यादि अनेक ग्रन्थ हैं। रामानुज की शाखा में प्रसिद्ध शाखा-(१) रामानन्दी। (२) कबीरपन्थी। (३) खाकि। (४) मलूकदासी। (५) दादुरपन्थी। (६) रैदासी। (७) सेनपन्थी। (८) रामसनेही, यह सबही रामोपासक हैं। श्री सम्प्रदाय की गुरु-परम्परा भक्तमाल की दशममाला में वर्णित है।

(२) श्रीमध्वाचार्य एवं द्वैतभाष्य

आनन्दतीर्थ अथवा पूर्णप्रज्ञ मध्वाचार्य के नामान्तर हैं, आप द्वैतभाष्य के प्रवर्त्तक हैं, इनके ब्रह्मसूत्र भाष्य में दार्शनिक तत्त्व की प्रगाढ़ आलोचना न होने पर भी अनुभाष्य में पांडित्य की पराकाष्ठा दिखायी देती है। आनुमानिक द्वादश शक शताब्दी में इनका प्रादुर्भाव हुआ था। आप जीव का अणुत्व, दासत्व, वेद का अपौरुषेयत्व, स्वतः प्रामाण्यत्व, प्रमाणत्रय, पंचरात्र उपजीव्यत्व प्रभृति विषयों में श्रीरामानुज के साथ प्रायशः एकमत होने पर भी रामानुज के तत्त्वत्रय के साथ एकमत नहीं हैं। आपके मत में तत्त्व पदार्थ दो हैं, तत्त्व विवेक, स्वतन्त्रमस्वतन्त्रञ्च द्विविधं तत्त्वमिष्यते। स्वतन्त्रो भगवान् विष्णु निर्दोषोऽशेष सद्गुणः।

सर्वदर्शन संग्रह में उक्त है–परमेश्वर जीव से भिन्न है, कारण आप सेव्य हैं, जो जिसके सेव्य हैं, वह सेवक से भिन्न होते हैं, जैसे भृत्य से राजा भिन्न होते हैं, 'परमेश्वरो जीवाद् भिन्नः, तं प्रति सेव्यख्यात्। यो यं प्रति सेव्यः स तस्माद् भिन्नो यथा भृत्याद् राजा।' शाकल्यसंहिता परिशिष्ट एवं तैत्तिरीय उपनिषत् से द्वैतवाद समर्थक श्रुति का उद्धार आपने किया है, इस सम्प्रदाय के मत में भेद पंचविध हैं। (१) जीवेश्वर भेद। (२) जड़ेश्वर भेद। (३) जीव–जीव भेद। (४) जड़ जीव में भेद, जड़–जड़ में भेद। जीवेश्वरभिदा चैव जड़ेश्वरभिदा तथा। जीवभेदो मिथश्चैव जड़ जीवभिदा तथा। मिथश्च जड़भेदो यः प्रपंचो भेद पंचकः। सोऽयं सत्योऽप्यनादिश्च सादिश्चेन्नाशमाप्नुयात्। विष्णुतत्त्व निर्णय।

श्रीमन्मध्वरचित ब्रह्मसूत्र भाष्य तीन हैं। (१) श्रीमद्ब्रह्मसूत्र भाष्यम् अथवा सूत्र भाष्यम्। यह भाष्य सर्वापेक्षा वृहत् है, इसमें श्रुति, स्मृति, पुराण, पंचरात्रादि के प्रमाणों से श्रीव्यासदेव के समस्त सूत्रों को शुद्धद्वैत सूत्र से ग्रथित किया गया है, अन्य मत का इसमें स्पष्टतः खण्डन नहीं है, केवल श्रुति, स्मृति प्रमाण द्वारा सिद्धान्त संगति को दर्शाया गया है। (२) अनुव्याख्यानं अथवा अनुभाष्यम् यह श्लोकाकार से निबद्ध है। इसमें पूर्वाचार्य के मतवाद को खण्डन कर स्वमत स्थापित हुआ है। (३) अणुभाष्यम्– चतुरध्यायात्मक ब्रह्मसूत्र के प्रत्येक अधिकरण का तात्पर्य इसमें श्लोकाकार से गुम्फित हुआ है। गीताभाष्य में आचार्य मध्व के मतवाद का वर्णन संक्षिप्त रूप में महाभारत तात्पर्य में मायावाद की अस्तारता प्रतिपादित है। भाष्य में उद्धृत ब्रह्म तर्क के श्लोक से अचिन्त्य भेदाभेदवाद का इंगित सुस्पष्ट है। नारायण में अवयवी अवयव समूह, गुणी गुण समूह, शक्तिमान् शक्ति, क्रियावान् क्रिया, अंशी अंश इसमें परस्पर नित्य अभेद वर्तमान है। जीव स्वरूप में एवं चिद्रूपा प्रकृति में भी उस प्रकार अभेद विद्यमान है। अतएव अंशादि के साथ अंशी प्रभृति के अभेदत्व हेतु गुणादि

के गुणी से अपृथक् अवस्थान हेतु एवं अंशी अंशादि के नित्यत्व हेतु, अंशी प्रभृति अनंश, अगुण, अक्रियादि शब्द से कथित होते हैं। क्रियादि की नित्यता, प्रकाश-अप्रकाश भेद, अस्तित्व अनस्तित्व व्यवहार, विशेष विशिष्ट का अभेद भी उस प्रकार से सिद्धि होती है। अचिन्त्य शक्तित्व निबन्धन परमेश्वर में सबही संगत हैं और उनकी शक्ति हेतु जीव समूह में एवं चिद्रूपा प्रकृति में भी तत्तद् विषयगत भेद एवं अभेद एवं अभेद युगपत् वर्तमान है। कारण अन्यत्र भेद एवं अभेद उभय ही दृष्ट होते हैं, निमित्त कारण व्यतीत, कार्य-कारण के मध्य में भी इस प्रकार भेदाभेद स्वीकार्य है। (मध्वभाष्य २।३।२८-२९) द्रष्टव्य।

श्रीमद्भगवद्गीता में-क्षर एवं अक्षर द्विविध पुरुष का उल्लेख है, इसके मत में तत्त्व मस्यादि वाक्य तादात्म्य प्रतिपादक नहीं हैं, आदित्यो यूपवत् यह वाक्य केवल सादृश्य का ही बोधन करता है, जीव मुक्तावस्था में भी पृथक् है, जीवेश्वरौ भिन्नोसर्वदैव विलक्षणौ, जगत् क्षयशील है, किन्तु मिथ्या अथवा ब्रह्म से अभिन्न नहीं है। सिद्धान्तसार-सदागमैक विज्ञेय समतीत क्षराक्षरं। नारायणं सदा वन्दे निर्दोषाशेष सद्गुणम्॥' रामानुज एवं मध्व वैष्णव होने पर भी उपासना एवं साम्प्रदायिक चिह्नादि से उनमें यथेष्ट वैलक्षण्य है। मायावाद शतदूषणी, तत्त्वमुक्तावली ग्रन्थ में द्वैतवाद का समर्थन करके अद्वैत मत का खण्डन किया गया है।

लक्ष्मीनारायण-उपास्य देवता, वैकुण्ठेश्वर नारायण, लक्ष्मी भूमि, लीलादेवी के साथ विराजते हैं। इनके मत में सारूप्यादि चतुर्विध मुक्ति स्वीकृत है, उपासना का फल ही श्रीविष्णु की प्रसन्नता लाभ। श्रीबलदेवविद्याभूषण ने इस मत का सार संक्षेप में लिखा है-श्रीमन्मध्वमते हरिः परतमः सत्यं जगत् तत्त्वतो, भेदो जीवगणा हरेरनुचरा नोचोच्चभावं गताः।

मुक्तिर्नैज सुखानुभूतिरमला भक्ति स्तत् साधनम्।
मक्षादि त्रितयं प्रमाणमखिलाम्नायैकवेद्योहरिः॥

श्रीगुरु-परम्परा यथा, श्रीकृष्ण ब्रह्मा-नारद-वादरायण, मध्वाचार्य, पद्मनाभ, नरहरि, माधव, अक्षोभ्य जयतीर्थ ज्ञानसिन्धु दयानिधि-विद्यानिधि-राजेन्द्र जयधर्म विष्णुपुरी, पुरुषोत्तम से व्यासतीर्थ, लक्ष्मीपति, माधवेन्द्र-ईश्वरपुरी, अद्वैतप्रभु। ईश्वरपुरी से श्रीगौरांग। इस गुरु-परम्परा के अनुसार गौड़ीय सम्प्रदाय को माध्व सम्प्रदाय भुक्त कहा जाता है, मध्वविजय ग्रन्थ में, मध्वाचार्य का विस्तृत विवरण लिखित है। दक्षिण पथ के अनेक स्थान में इस सम्प्रदाय का आधिपत्य है, उडुपी में, नामान्तर रजतपीठपुर, मुख्य गादी है, इनकी शाखा-प्रशाखा अनेक हैं।

(३) श्रीवल्लभाचार्य एवं विशुद्धाद्वैत भाष्य

श्रीमद्‌वल्लभाचार्य-अणुभाष्य में विशुद्धाद्वैतवाद की आलोचना की है। केवलाद्वैतवादी शंकर-'ब्रह्म को निर्धर्मक, निर्विशेष निराकार निर्गुण प्रतिपन्न करते हैं, किन्तु ब्रह्मसूत्र के सर्वधर्मोपपत्तेश्च (२।१।३७) में एवं सर्वोपेता च तद् दर्शनात् (२।१।३०) इत्यादि सूत्र के तात्पर्य निर्धारण में श्रीवल्लभाचार्य ने अशुद्ध केवलाद्वैतवाद को खण्डन करके विशुद्धाद्वैतवाद स्थापन किया है। इस भाष्य में ब्रह्म का सर्व धर्मवत्त्व, विशुद्ध सर्वधर्माश्रयत्व, सर्वकर्त्तृत्व ब्रह्मगत वैषम्य नैर्घृण्य दोषपरिहार, ब्रह्म से जगत् का अनन्यत्व जीवस्वरूप, जीव की नित्यता ज्ञातृत्व, परिणाम भोक्तृत्व, अंशत्व, जीव ब्रह्म का अभेदत्व, जगत् का सत्यत्वं जगत् संसार भेद, अविकृत परिणामवाद, आविर्भाव, तिरोभाववाद, भक्ति साधनत्व, पुष्टिमार्ग प्रभृति विषय की आलोचना है। इनके मत में परंब्रह्म सर्वधर्म विशिष्ट, सच्चिदानन्द व्यापक, अव्यय, सर्वशक्तिमत स्वतन्त्र, निर्गुण प्राकृत गुण वर्जित, देश-कालादि द्वारा अपरिच्छिन्न, सजातीय-विजातीय स्वगतभेद वर्जित है, निर्गुण होकर भी सगुण हैं, निराकार होकर भी साकार हैं इत्यादि, शुद्धाद्वैतवाद में ईश्वर का कर्त्तृत्व मायाकृत नहीं है, आरोपित भी नहीं है। निर्गुण ब्रह्म का जगत् कर्त्तृत्व असम्भव है,

सगुण ब्रह्म परतन्त्र है, सुतरां परतन्त्र का भी कर्त्तृत्व नहीं हो सकता है। सुतरां ब्रह्म में सर्व कर्त्तृत्व मानना होगा। 'जन्माद्यस्य यतः' (ब्रह्मसूत्र १।१।२) 'अहं सर्वस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा' (गीता १०।८)।

इस भाष्य में जीव चित्कण, सूक्ष्म, परिच्छिन्न, चित् प्रधान एवं आनन्दस्वरूप हैं। जीव नित्य, किन्तु इसकी नित्यता अलीक है, मायावादीगण जीव को ब्रह्म कहते हैं, इनके मत में जीव विभु हैं, किन्तु विशुद्धाद्वैतवाद में जीव अणु हैं, जीव के कर्त्तृत्व भोक्तृत्व अंशत्वादि आलोचित होने पर भी जीव ब्रह्म का अभेद कल्पित हुआ है। ब्रह्म चित् एवं पूर्ण प्रकटानन्द हैं, जीव, तिरोहितानन्द होने पर भी शुद्ध जीव एवं ब्रह्म वस्तुतः एक ही पदार्थ है।

शंकर मत में जगत् मिथ्या है, किन्तु शुद्धाद्वैतवाद में जगत् सत्य एवं नित्य है, भगवद्रूप एवं भगवान् से अभिन्न है। भावे चोपलब्धे (२।१।१५) द्रष्टव्य। इस मत में भक्ति ही परमतत्त्व श्रीकृष्ण साक्षात्कार के लिए साधना है। विशिष्टाद्वैतवाद में स्थूल, सूक्ष्म अचित् पदार्थ, प्रलय में भी सूक्ष्माकार में एवं अचिद्भाव में ही वर्तमान रहता है। स्थूल, सूक्ष्म जीव के सम्बन्ध में भी यही बात है, किन्तु शुद्धाद्वैतवाद में यह दो पदार्थ ब्रह्म से अभिन्न एवं नित्य सत्य हैं। विशिष्टाद्वैतवाद में सालोक्यादि चतुर्विध मोक्ष स्वीकृत है। शुद्धाद्वैतवाद में सायुज्य मोक्ष भी स्वीकृत है। रुद्र से यह सम्प्रदाय प्रवर्त्तित हुआ है, इसके प्रथम आचार्य श्रीविष्णुस्वामि हैं। ब्रह्म सम्प्रदाय के समान रुद्र सम्प्रदाय भी प्राचीन है, ४५० वर्ष पूर्व श्रीवल्लभाचार्य ने इस सम्प्रदाय में प्रसिद्ध आचार्य पदवीं प्राप्त की थी, अतः इस सम्प्रदाय की ख्याति वल्लभाचारी रूप से हुई। मारुतशक्ति नामक टीका ग्रन्थ में सम्प्रदाय की गुरु प्रणाली लिपिबद्ध है, 'आदौ श्रीपुरुषोत्तमंपुरहरं श्रीनारदाख्यं मुनिं कृष्णं व्यासगुरुं शुकं तदनु विष्णुस्वामिनं द्राविड़म्। तच्छिष्यं किलविल्व मंगलमहं वन्दे महायोगिनं श्रीमद्वल्लभ नाम धाम च भजेऽस्मत्

सम्प्रदायाधिपम् शाण्डिल्यसंहिता भक्तिखण्ड के पंचाध्याय से टीकाकार ने प्रमाण किया है कि आचार्य वल्लभ, श्रीभगवान् के वदन से आविर्भूत होकर निज सम्प्रदाय का कल्याण करेंगे। श्रीवल्लभाचार्य का प्रसंग गौड़ीय ग्रन्थ में सुप्रसिद्ध है, (श्रीचैतन्यचरितामृत मध्य १।२६३,१९-६१।११३, अन्त्य ७वाँ परिच्छेद तथा भक्तिरत्नाकर, श्रीगदाधर पंडित गोस्वामी की शाखा परम्परा भी द्रष्टव्य है।

मथुरा, वृन्दावन, काशी में इस सम्प्रदाय के मन्दिर हैं, उदयपुर के निकटस्थ श्रीनाथद्वारा में श्रीमन्माधवेन्द्रपुरी गोस्वामी द्वारा प्रकटित श्रीगोपालदेव वर्तमान में इस सम्प्रदाय की सेवा अंगीकार कर रहे हैं। पुष्टिमार्ग एवं मर्यादामार्ग भेद से सम्प्रदाय की उपासना प्रणाली द्विविध है।

(४) श्रीनिम्बार्क एवं द्वैताद्वैतभाष्य

सुदर्शनावतार (सूर्यावतार) श्रीनिम्बादित्य हैं, पूर्व नाम ही नियमानन्द है। औडुलौमि प्रणीत वेदान्तसूत्र वृत्ति को अवलम्बन कर आपने वेदान्त पारिजात सौरभ की रचना की। यह वाक्यार्थ ग्रन्थ मात्र है। इस सम्प्रदाय के प्रकृत भाष्य-श्रीश्रीनिवासाचार्य कृत वेदान्तकौस्तुभ है। श्रीकेशवकाश्मीरि प्रणीत कौस्तुभप्रभावृत्ति ग्रन्थ विस्तृत एवं विचारपूर्ण है। माधवमुकुन्द रचित परपक्ष गिरिवज्र भी प्रखर पांडित्य पूर्ण है। ब्रह्म-भगवान् वासुदेव पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ही इस सम्प्रदाय में उपास्य तत्त्व हैं। इनके मत में तत्त्व त्रिविध, चित्, अचित् एवं ब्रह्म, किन्तु चित् अचित् ब्रह्म से भिन्न होकर भी अभिन्न है। ज्ञान ही ब्रह्म साक्षात्कार का साधन है, ध्यान, ध्रुवानुस्मृति एवं पराभक्ति आदि भी ज्ञान शब्द का ही पर्याय है, श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन-तत् प्राप्ति का उपाय है। जीव का लक्षण-अचिद्वर्ग भिन्न ज्ञानस्वरूप, ज्ञातृत्व, कर्त्तृत्वादि धर्म विशिष्ट भगवदायत्त, स्वरूपस्थिति प्रकृतिशील, अणु परिमाण,

प्रति शरीर भिन्न मोक्षार्ह चित् पदार्थ ही जीव है। अचित् पदार्थ प्राकृत, अप्राकृत एवं काल भेद से त्रिविध है, गुणत्रयाश्रयभूत द्रव्य प्राकृत है, यह नित्य एवं परिणामादि विकारी है, अप्राकृत, अचित् पदार्थ–त्रिगुणा प्रकृति एवं काल से अत्यन्त भिन्न अचेतन है। प्रकृति मण्डल भिन्न देशवर्त्ती नित्य विभूति सम्पन्न परव्योम, परमपद, ब्रह्मलोकादि ही अप्राकृत अचित् पदार्थ है, यह सब धाम अप्राकृत एवं कालातीत हैं, प्राकृत एवं अप्राकृत भिन्न काल पदार्थ नित्य एवं विभु है, इन्होंने श्रुति प्रमाण के द्वारा भेदाभेदवाद के प्रामाण्य को दर्शाया है एवं श्रीभगवद्भाव लक्षण मोक्ष ही प्रयोजन तत्त्व है। भक्ति ही मोक्ष का साधन है एवं ध्रुवास्मृति को ही भक्ति कही जाती है, श्रीराधाकृष्ण ही इस सम्प्रदाय के उपास्य हैं। श्रीनिम्बार्क कृत दशश्लोकी में उपास्य की जो वर्णना है वह विशेष प्रणिधान योग्य है।

पुरुषोत्तमाचार्य कृत वेदान्तरत्नमंजुषा की टीका में निर्णीत है कि–रुक्मिणी सत्यभामा एवं श्रीराधा मिलित श्रीकृष्ण ही उपास्य हैं। 'रुक्मिणी सत्यभामा ब्रजस्त्री विशिष्ट श्रीभगवान् पुरुषोत्तमः सम्प्रदायिभि वैष्णवैः सदा उपासनीयः' दशश्लोकी में पाँच विषयों का निर्देश है–(१) उपास्य। (२) उपासक का स्वरूप। (३) साधन भक्ति। (४) भक्तिरस प्रेमलक्षणा भक्ति। (५) उपास्य प्राप्ति का अन्तराय (माया) हरिव्यासीगण सखीभाव से रागमार्ग द्वारा उपासना की कथा कहते हैं। महावाणी में प्रेमभक्ति साधना एवं सखीभाव से श्रीकृष्ण सेवा का स्पष्ट संकेत मिलता है। परपक्ष गिरि वज्र के तृतीय अध्याय में वर्णित है–प्रथमतः श्रीभगवान् में अर्पित निष्काम कर्मयोग द्वारा चित्त–संस्कार, अनन्तर वैराग्य एवं तत्त्व जिज्ञासा उससे श्रवणादि लक्षण साधन के द्वारा स्वरूपादि विषयक परोक्ष ज्ञान, उसके पश्चात् ध्यान परिपक्व होने से पराभक्तिरूपा ध्रुवास्मृति है। इस अवस्था में भगवदनुग्रह से साक्षात्कार होता है। उससे मोक्षप्राप्ति होती है।

श्रीनिम्बादित्य के श्रीहरिव्यास एवं केशवभट्ट नामक दो शिष्यों से दो शाखाओं की उत्पत्ति हुई है। यह उदासीन एवं गृहस्थ भेद से बँटे हुए हैं, श्रीनिम्बादित्य का विवरण श्रीभक्तमाल के १० में अनुसन्धेय है।

श्रीनिम्बार्क मत का काल-निर्णय सन्देहास्पद होने के कारण कुछ व्यक्तियों के निर्णय से इस मत का प्रचार-प्रसार पंचदश शक शताब्दी के पश्चात् ही हुआ है, किन्तु श्रीरामानुजीय वेदार्थसंग्रह में 'परोपाध्यालीढ़ं विवशमशुभस्यास्पदं' इत्यादि वाक्य में भास्कर भाष्य का संकेत मिलता है, हिन्दी श्रीभक्तमाल में, वार्त्तिकप्रकाश में लालदास कृत अनुवाद में, प्रमेय-रत्नावली १।६ श्लोक में भक्तिरत्नाकर ५।२१।२९।३०, १२।२२।५६-५७ में प्राचीनकाल से इस सम्प्रदाय का अस्तित्व अनुमित होता है।

प्राचीनसात्वत सम्प्रदाय चतुष्टय के अन्यतम निम्बार्क तैलंगदेश के वैदूर्यपत्तन (मुंगेरपत्तन, मुंगिपाटन में) आरुणि निम्बादित्य नियमानन्द नाम से आविर्भूत हुए थे, आप सनत्कुमार के शिष्य थे, श्रीनारद से उपदेश प्राप्त कर जगत् में जो मत प्रचार किया था, उसका लोप अनेक काल पूर्व में ही हो गया था, अतएव सायनमाधव ने तदीय सर्वदर्शन-संग्रह में विष्णुस्वामि प्रभृति मत का उल्लेख करने पर भी निम्बार्क का नाम नहीं लिखा है।

विष्णुयामल के-

नारायण मुखाम्भोजान्मन्त्रस्त्वष्टादशाक्षरः।
आविर्भूत कुमारैस्तु गृहीत्वा नारदाय वै॥
उपदिष्टः स्वशिष्याय निम्बार्काय च तेन तु।
एवं परम्परा प्राप्तो मन्त्र स्त्वष्टादशाक्षरः॥

इत्यादि वचन से निम्बार्काचार्य का चतुःसन सम्प्रदायित्व सिद्ध होता है। श्रीकमलाकर भट्ट ने निर्णयसिन्धु ग्रन्थ प्रथम परिच्छेद में श्रीनिम्बार्कीय कपालबेध मत का उट्टंकन किया है। तिथि-निर्णय में श्रीभट्टोजी दीक्षित ने भी जन्माष्टमी प्रकरण में

इस मत की प्रतिध्वनि को अंकित किया है। श्रीनिम्बार्कीयगण भविष्योत्तरीय सुदर्शनो द्वापरान्ते निम्बादित्य इति ख्यातः, इस प्रमाण से श्रीनिम्बार्क का अवतारकाल द्वापरान्त में मानते हैं, किन्तु उक्त पुराण के सम्बन्ध में सब ही व्यक्ति विशेष सन्देह पोषण करते हैं, श्रीनिम्बार्क स्वाभाविक भेदाभेदवाद मानते हैं। इनके मत में भेद एवं अभेद सम सत्य ही नहीं है, सम नित्य भी है सर्वकाल में सर्वावस्था में भेद एवं अभेद समान रूप में वर्तमान है। ब्रह्म कारण, जीव जगत् कार्य है, ब्रह्म शक्तिमान् जीव जगत् शक्तिद्वय है, ब्रह्म समग्र सत्ता, जीव जगत् ब्रह्मान्तर्गत क्षुद्रातिक्षुद्र अंश है। कारण एवं कार्य, शक्ति एवं शक्तिमान् अंशी एवं अंश में भेद वास्तव, स्वाभाविक एवं नित्य है, ब्रह्म ध्येय, ज्ञेय एवं प्राप्तव्य है। जीव, ध्याता ज्ञाता एवं प्रापक है। ब्रह्म-सृष्टि स्थिति प्रलयकर्त्ता सर्वव्यापी पूर्ण स्वाधीन है, जीव सृष्ट्यादि शक्तिहीन, अनुमात्र एवं शासित है। केवल बद्ध जीव नहीं, मुक्त जीव भी ब्रह्म से भिन्न है, ब्रह्म एवं जीव में यह स्वभाव एवं धर्मगत भेद नित्य है, जगत् के सम्बन्ध में भी वही बात है, ब्रह्म केवल चेतन, अजड़, अस्थूल, नित्य शुद्ध है, किन्तु जगत् अचेतन जड़ स्थूल एवं अशुद्ध है। सुतरां ब्रह्म एवं जगत् में स्वभाव एवं धर्मगत भेद नित्य वर्तमान है। ब्रह्म जीव जगत् में भेद जिस प्रकार स्वभाव सिद्ध है, उस प्रकार अभेद भी समान रूप से सत्य है। कार्य कारण से गुणतः एवं कार्यतः भिन्न है, किन्तु स्वरूपतः अभिन्न है। कारण भी कार्यातिरिक्त रूप में कार्य से भिन्न है, किन्तु कार्यकालीन एवं कार्यस्वरूप में कार्य से अभिन्न है। कार्य-कारण से भिन्न है, कारण कार्य एवं कारण के गुण समूह एवं कार्य समूह एक नहीं है, मृण्मय घट, मृत्पिण्ड से भिन्न है, कारण घट का आकार (कम्बुग्रीवाकृति एवं कार्य जलाहरणादि, मृत्पिण्ड के आकार एवं कार्य से भिन्न है, किन्तु भिन्न होने पर भी मृण्मय घट मृत्पिण्ड से अभिन्न है। कारण-मृण्मय घट मृत्तिका व्यतीत अपर कुछ नहीं है अर्थात् कार्यकारणात्मक, कारण सत्तामय

एवं कारणाश्रयी है। अतएव कार्य एवं कारण–अभिन्न है। कारण भी कार्य से भिन्न है। कारण कार्य विशेष व्यतीत अन्यान्य कार्य का भी जनक है। जिस प्रकार मृत्पिण्ड, मृण्मय घट से भिन्न है, कारण–मृत्पिण्ड, केवल घटरूप में ही परिणत नहीं होता है। शराब, चुल्ली प्रभृति रूप में भी परिणत होता है, ऐसा होने पर भी मृत्पिण्ड मृण्मय घट से अभिन्न है, कारण मृण्मय घट की भाँति यह भी मृत्तिकास्वरूप है। स्वाभाविक भेदाभेदवाद में भेद का अर्थ–कार्य के ओर से गुणतः एवं कार्यतः अभेद है, कारण के ओर से कार्यातिरिक्तता है। अभेद का अर्थ है–कार्य के ओर से कारणात्मकता एवं कारणाश्रयित्व है। कारण के ओर से कार्यलीनत्व है, सुतरां जगत् रूप में जीव एवं जगत् से भिन्न होने पर भी जगल्लीनरूप में जीव एवं जगत् से अभिन्न है।

श्रीभाष्य १।४।४ में भेदाभेदवाद का खण्डन हुआ है। श्रीरामानुज कहते हैं–युगपत् भेद एवं अभेद में विरोध नहीं है–यह कहना अयोक्तिक है। कारण शीत उष्ण; अन्धकार आलोकवत् कभी भी एक वस्तु कहना संगत नहीं होता है।

श्रीजीव गोस्वामी कहते हैं–कार्य एवं कारण में भेदाभेद नहीं है, कार्यावस्था में ही कार्यत्व दृष्ट होता है, कारणत्व अवस्था में ही कारणत्व परिलक्षित होता है, घटत्व कार्य का है, कारण का नहीं, घटत्व कार्य साध्य है। सुतरां कार्य, कारण एवं तदाश्रय वस्तु निश्चय ही भिन्न है, एक नहीं है। कार्य कारण की जो अभिन्नता स्वीकृत है, वह घटादि की भाँति विशिष्ट वस्तुगत है, सकल वस्तुगत नहीं है, कार्य समूह में भी परस्पर भिन्न–भिन्नत्व प्रतीत नहीं होता है। कारण प्रत्यय की विलक्षणता है, जातिगत अभेद एवं व्यक्तिगत भेद है, ऐसा कहना भी अयोक्तिक है, कारण एक ही वस्तु के दो स्वरूप स्वीकृत नहीं हैं।

दो आकार मानकर एक वस्तु मानने से दो स्वरूप का दोष पृथक् हो जायगा। ऐसा कहने से इसमें तृतीय वस्तु की सत्ता

मानना आवश्यक होगा, उससे अनवस्था दोष होगा। अतएव भेदवाद प्रकृत सिद्धान्त है, तत्त्वमसि वाक्य-केवल अभेद निर्देशक नहीं है, किन्तु जीव ब्रह्म का प्रीतिमय संयोग व्यंजक है। अतएव विशिष्ट वस्तु की अपेक्षा से भेदाभेदवाद एवं विशेष. अनुसन्धान साहित्य के समय ही अभेदवाद का प्रवर्त्तन होना आवश्यक है। स्वाभाविक भेदाभेदवाद में ब्रह्म में स्वतः ही जीवभाव स्वीकृत होने से जीवगत दोष समूह भी गुणवत् स्वाभाविक ब्रह्म की सम्पत्ति होगी, अतएव ब्रह्म के साथ सदोष जीव का ब्रह्म तादात्म्योपदेश निश्चय ही विरुद्ध है।

(९) श्रीगौड़ीय सम्प्रदाय एवं अचिन्त्य भेदाभेदवाद

इस प्रकार भारतवर्ष के विभिन्न सम्प्रदाय के पण्डिताग्रणी सम्प्रदाय प्रवर्त्तक आचार्यों ने ब्रह्मसूत्र के भाष्य निर्माण के द्वारा निज-निज सम्प्रदाय की दार्शनिक भित्ति प्रतिष्ठित की है, विशुद्धद्वैतवाद प्रवर्त्तन के समय ही बंगदेश में एक अभिनव जागरण आया था, नदिया के कलियुगपावनावतार श्रीगौरसुन्दर ने ही उक्त आन्दोलन का मुख्यतम नेतृत्व किया था, प्राचीन एवं नवीन में, एक अनेक में, अनुकूल-प्रतिकूल में एक अचिन्त्य अत्यद्भुत सामंजस्य विधान करके आपने प्राचीन वैदान्तिक समाज के आधुनिक पण्डितगण के समक्ष में सर्वकल्लोल कोलाहल निरासक अति समीचीन वेदान्त सिद्धान्त स्थापन किया है स्वयं भगवान् महावतारी श्रीगौरांग स्वसम्प्रदाय सहस्रादिदेव होकर भी स्वयं आपने वेदान्त भाष्य प्रणयन नहीं किया अथवा करना प्रयोजन है, यह भी नहीं समझा, कारण उनके मत में श्रीमद्भागवत ही ब्रह्मसूत्र का अकृत्रिम भाष्यभूत इत्यर्थः। 'तस्मात्तद् भाष्य भूते स्वतः सिद्धे तस्मिन् सत्यर्वाचीनमन्यदन्येषां स्व स्व कपोलकल्पितं, तदनुगत मेवादरणीयमिति गम्यते।' अर्थात् श्रीभागवत ही ब्रह्मसूत्रों का अकृत्रिम भाष्य है, सुतरां इस स्वतःसिद्ध भाष्यभूत श्रीभागवत के समक्ष में अन्यान्य अर्वाचीन भाष्य समूह स्वकपोलकल्पित मात्र है, किन्तु श्रीभागवतानुगत भाष्य मात्र ही आदरणीय है। इसलिए

श्रीगौरांगदेव के परिकरगण भी वेदान्तसूत्र के भाष्य प्रणयन में व्रती नहीं हुए। श्रीमन्महाप्रभु ने तत्कालीन वेदान्तिगण के समक्ष में अचिन्त्य भेदाभेदवाद का ही प्रचार किया था। काशी धाम में मायावादी पण्डित वरेण्य श्रीप्रकाशानन्द सरस्वती एवं नवद्वीप के अद्वितीय नैयायिक श्रीवासुदेव सार्वभौम प्रभृति के निकट में आपने जो वेदान्तसूत्र की अभिनव व्याख्या एवं सिद्धान्त प्रकाश किया था, उससे वे सभी मन्त्रमुग्धवत् होकर आपके चरणों में आत्म-समर्पण किया था। इन सभी सिद्धान्तों का उल्लेख श्रीपाद श्रीसनातनादि गोस्वामियों ने निज-निज ग्रन्थ में किया है, तदनुसार श्रीपाद श्रीजीव गोस्वामीचरण ने क्रमसन्दर्भ, षट्सन्दर्भ, सर्वसम्वादिनी में उसका विस्तृत विवरण लिखा है।

अपरे तु तर्काप्रतिष्ठानात्, (ब्रह्मसूत्र २।१।११) भेदेऽप्यभेदेऽपि निर्मर्याद दोष सन्तति दर्शनेन भिन्नतया चिन्तयितुमशक्यत्वाद भेदं साधयन्तः तद्वदभिन्नतया चिन्तयितुमशक्यत्वादभेदमपि साधयन्तोऽचिन्त्यभेदाभेदवादं-स्वीकुर्वन्ति (सर्वसम्वादिनी) अर्थात् एक सम्प्रदायी वेदान्तीगण कहते हैं, तर्क की अप्रतिष्ठा हेतु भेद एवं अभेद में भी निखिल दोष सन्तति को देखकर भिन्न रूप में मानना असम्भव है, इसलिए जिस प्रकार भेद साधन करना दुष्कर है, उस प्रकार अभेद मानकर अभेद साधना भी दुष्कर है। इस प्रकार भेदाभेद उभय साधन में ही चिन्ता की असामर्थ्य को देखकर श्रीजीव गोस्वामीजी अचिन्त्य भेदाभेदवाद को ही मानते हैं। परमतत्त्व अचिन्त्य शक्तिमय होने के कारण निज मत में अचिन्त्य भेदाभेदवाद ही स्वीकृत हुआ है। अचिन्त्य अनन्तशक्तिशाली (अतर्क्यसहस्रशक्ति भा० ३।३३।३) परतत्त्व की शक्ति समूह एवं शक्ति परिणत वस्तु समूह के साथ-उक्त परतत्त्व का जो अचिन्त्य युगपत् भेद एवं अभेदयुक्त सम्बन्ध को अचिन्त्य भेदाभेदवाद कहते हैं-अचिन्त्य अपौरुषेय शब्दगम्य है, किन्तु पुरुष अर्थात् जीव की क्षुद्र चिन्ताशक्ति अथवा युक्ति तर्क के अगम्य है।

भेद अभेद की सहावस्थिति एवं उभय ही समभाव से सत्य एवं नित्य–यह अबोध्य अथवा अचिन्त्य होने के कारण मानव की युक्ति धारणा में प्रतीयमान न होने पर भी शास्त्रोपदिष्ट होने से अवश्य स्वीकार्य है। श्रीचैतन्यदेव ने सार्वभौम एवं प्रकाशानन्द के निकट श्रीसनातन गोस्वामी को लक्ष्य करके जो कहा था उसको श्रीसनातन गोस्वामीजी ने (वृहद्भागवतामृत २।२।१८६) में वैष्णवतोषणी में श्रीरूप गोस्वामीजी ने लघुभागवतामृत में श्रीजीव गोस्वामीजी ने षट्सन्दर्भ सर्वसम्वादिनी में विस्तार रूप से लिखा है, परतत्त्व के शक्तिमत्त्व एवं शक्ति का अचिन्त्यत्व (ब्रह्मसूत्र २।१।२७।२८) में उक्त है। श्रीजीव गोस्वामीजी ने श्रीमद्भागवतोक्त अद्वयतत्त्ववाद–'एकमेवाद्वितीयम्' तत्त्व की अद्वितीया स्वरूपानुबन्धिनी शक्ति के वैचित्र्य को मानकर अति सूक्ष्मतम विचार विश्लेषण के द्वारा उक्त वाद को प्रतिष्ठित किया है।

आपने श्रीमद्भागवत के 'वदन्ति तत्तत्त्वविद:' १।२।११ श्लोक को उपजीव्य करके परतत्त्व के अद्वयत्व का स्थापन किया है, भगवद्सन्दर्भ एक अद्वितीय परतत्त्व ही स्वाभाविकी अचिन्त्य शक्ति के द्वारा सर्वदा ही भगवत्स्वरूप, स्वरूपवैभव जीव एवं प्रधान यह चार रूप में विराजित हैं, श्रीजीव गोस्वामीपाद ने जीव एवं प्रकृति को तत्त्व नहीं कहा है, उन दोनों को शक्तिरूप में स्थापन करके परतत्त्व का अद्वयत्व स्थापन किया है, (क्रम० १।२।१२, तत्त्व ५१, भग० १६, भक्ति ६।७) परतत्त्व को नि:शक्तिक अथवा निर्विशेष कहने से सर्वशक्तिमान् की पूर्णता की हानि होती है। (चै०च० आदि ७।१३८–४०) इसलिए श्रीजीव गोस्वामीपाद सशक्ति परतत्त्व को ही परब्रह्म कहते हैं, जो स्वयं बृहत् एवं जिसमें दूसरे को बृहत् करने की स्वरूपानुबन्धिनी शक्ति है, वह ही ब्रह्म है। अद्वय तत्त्व की सच्चिदानन्दता हेतु शक्ति भी अद्वितीया सच्चिदानन्दात्मिका है, उस शक्ति के त्रिविध वैचित्त्य है, उसको सन्धिनी संवित् ह्लादिनी शब्द से कहते हैं। (भग० १०२) शक्ति

की क्रिया से ही ब्रह्म का सविशेषत्व होता है। ब्रह्म की शक्ति दो प्रकार से अवस्थित है। (१) केवल शक्ति अमूर्त्त रूप में। (२) शक्ति की अधिष्ठात्री मूर्त्त रूप में। श्रीभगवद्धाम एवं श्रीभगवत् परिकरगण स्वरूपशक्ति की वृत्ति हैं। अमूर्त्त शक्ति रूप में शक्ति समूह श्रीभगवद् विग्रह के साथ एकात्मता प्राप्त होकर अवस्थान करती है और मूर्त्त रूप में श्रीभगवद् परिकरादि होकर प्रकट होती हैं। (भग० १०२), परतत्त्व की स्वरूपशक्ति ह्लादिनी परतत्त्व में अवस्थान करती है, जब परतत्त्व रसास्वादन के लिए उस ह्लादिनी शक्ति की सर्वातिशायिनी वृत्ति को उनके ही शक्त्यंशस्वरूप भक्तगण के हृदय में संचारित करते हैं, तब वह वृत्ति कृष्ण प्रीतिरूप में वैचित्री को प्राप्त कर परमास्वादन चमत्कारकारिणी होती है। (प्रीति ६५), भक्ति-भक्तकोटि में प्रविष्ट भक्त एवं भगवान् को विलगनकारिणी शक्ति विशेष है, (भक्ति १८०), अतएव सम्बन्धितत्त्व, अभिधेयतत्त्व एवं प्रयोजनतत्त्व में श्रीजीव गोस्वामीचरण ने अद्वितीया सच्चिदानन्दात्मिका स्वरूपशक्ति के वैचित्री एवं विलास को ही माना है। श्रीजीव गोस्वामी के मत में सम्बन्धितत्त्व एक अद्वितीय है, वह उपासक की प्रतीति के भेद से ब्रह्म परमात्मा एवं भगवत्स्वरूप में आविर्भूत अद्वयज्ञान तत्त्व है, वह अद्वय होने के कारण सजातीय-विजातीय स्वगत भेद शून्य है अर्थात् परतत्त्व के देह-देही प्रकाश, विलास वैभव के मध्य में जड़ीय भेद नहीं है, कारण वह स्वरूपशक्ति के द्वारा संघटित है, प्रकाश विलास प्रभृति में केवल शक्ति प्रकटन के तारतम्य से लीला वैचित्र्य ही द्रष्टव्य है। उस अद्वयतत्त्व प्राप्ति का उपाय भी अद्वितीय स्वरूपशक्ति की वृत्ति अर्थात् भक्ति है। भक्ति विशेष ही परमात्मानुशीलन से योग होता है, भक्ति से ज्ञान को पृथक् करने के लिए (भा० १।५।३५) 'ज्ञानंयत्तदधीनं हि भक्तियोग समन्वितम्' इस सिद्धान्त के विरुद्ध में ज्ञान को स्वतन्त्र अभिधेय कहकर विचार करने पर केवल क्लेशमात्र ही लाभ होगा। (भा० १।५।१२।१०।२।३२-३३।१०।१४।३)।

परतत्त्व श्रीकृष्ण जिस प्रकार ब्रह्म परमात्मा का आश्रय है, श्रीकृष्ण भक्ति भी उस प्रकार ज्ञान कर्मयोग का आश्रय है, (भा० १।२।६-२२,२८,२९, १।५।१२, ३२-३६) श्रीजीव गोस्वामीचरण के मत में प्रयोजनतत्त्व भी अद्वितीय है, 'कैवल्यैक प्रयोजनम्' केवला प्रीति अथवा विमुक्ति ही प्रयोजक है, उसके अन्तर्गत ही योगी का कैवल्य एवं ज्ञानी की मुक्ति है। कैवल्य एवं मुक्ति के लिए स्वतन्त्र चेष्टा ही कैतव है, गौड़ीयदर्शन में शक्ति एवं शक्तिमान् को लेकर ही अखण्ड अद्वय वस्तु अथवा तत्त्व है। अतीन्द्रियतत्त्व अथवा उनकी शक्ति के अलौकिकत्व निरूपण में 'अचिन्त्य' शब्द का योग गौड़ीयदर्शन में ही हुआ है। श्रीशंकराचार्य ने अचिन्त्यशक्ति परब्रह्म की 'अचिन्त्य' आख्या से श्रीविष्णुसहस्रनाम में १०२, उल्लेख किया है। प्रमाणादि साक्षित्वेन सर्वप्रमाणागोचरत्वादचिन्त्यः। अयमीदृशः 'इति विश्व प्रपंच विलक्षणत्वेन चिन्तयितुमशक्यत्वाद् वा अचिन्त्यः' श्रीधरस्वामी ने श्रीविष्णुपुराण की टीका में १।३।१।२, अचिन्त्यतत्त्व को उल्लेख किया है। श्रीजीव गोस्वामीजी के मत में (भग० १६) अचिन्त्य शब्द का अर्थ शब्दमूलक 'श्रुतार्थापत्ति ज्ञान गोचर' शक्ति एवं शक्ति में केवल भेद एवं केवल अभेद उभय साधन ही दुष्कर होने के कारण एवं युगपत् भेद एवं अभेद साधन की संगति भी एकमात्र परतत्त्व की अविचिन्त्य शक्तिमत्ता एवं श्रुतार्थापत्ति प्रमाण व्यतीत सम्भव नहीं है, इसलिए श्रीजीवचरण ने अचिन्त्य शब्दगम्य भेदाभेदवाद को स्वीकार किया है।

पौराणिक एवं शैवगण के मत तथा भास्कराचार्य प्रभृति के मत में जो भेदाभेदवाद स्वीकृत है-वह तर्कमूलक, खण्डन योग्य एवं संगति विहीन है।

मायावादीगण के मत में केवल अभेदवाद में भी भेदांश व्यवहारिक अथवा प्रातीतिक मात्र है, वहाँ पर सद्सद निर्वचनीयत्व के अन्तराल में माया के अस्तित्व को स्वीकार करने पर अद्वैतवाद

की हानि होती है। ब्रह्म के उभयलिंग को स्वीकार करने पर भी अद्वैत ब्रह्म द्विभावग्रस्त हो जाता है, वह शब्द प्रमाण द्वारा समर्थनीय नहीं है, तर्क पर स्वकपोलकल्पित मात्र ही है।

दूसरी ओर गौतम, कणाद, जैमिनि, कपिल, पतंजलि के मत में भेदवाद स्वीकृत होने पर भी वह वेदान्त सम्मत नहीं है। श्रीरामानुज शक्ति शक्तिमान् में भेद को मानते हैं, सर्वकारण समूह के कारणत्व निर्वाहक किसी अद्रव्य विशेष की ही शक्ति है, यह धर्म विशेष अथवा वृत्ति विशेष है। शक्तिमद् भगवन्निष्ठ धर्म विशेष भगवच्छक्ति वाच्य है। (यतीन्द्रमतदीपिका १०वाँ) परब्रह्म की शक्ति सनातन एवं स्वाभाविक है, शक्ति एवं शक्तिमान् में भेद है, किन्तु शक्ति स्वरूपानुबन्धिनी है, (श्रीभाष्य २।१।१५) प्रकारान्तर में श्रीरामानुजाचार्य को द्वैतवादी कहा जा सकता है।

श्रीमध्वाचार्य तत्त्व में अत्यन्त भेद मानते हैं। स्वतन्त्र तत्त्व ईश्वर से परतन्त्र तत्त्व समूह का नित्य भेद है। जीव ईश्वर में, जीव–जीव में, ईश्वर जड़ में, जीव जड़ में, जड़–जड़ में यह पंचभेद अथवा द्वैत नित्य एवं अनादि है। (तत्त्व विवेक)।

श्रीमध्वाचार्य तो द्वैतवादी हैं ही। किन्तु गौड़ीय वैष्णव सिद्धान्त में परतत्त्व का अचिन्त्य शक्तित्व एवं शक्ति शक्तिमान् में श्रुतार्थापत्ति प्रमाणगम्य भेदाभेद सिद्धान्त ही स्वीकृत है (मुण्डकीय ३।२।८) यथानद्यः स्यन्दमानाः। (प्रश्नोप. ६।५) यथेमा नद्यः स्यन्दमानाः एवं (बृ० भा० २।२।१९६) जिस प्रकार समुद्र के एकदेश से उद्भूत तरंग एकदेश में लीन होती है, उक्त तरंग जलमयत्वादि गुण से समुद्र से अभिन्न होने पर भी समुद्र का गाम्भीर्य एवं रत्नाकरत्वादि गुण के अभाव से पृथक् होता है, केवल समुद्र में लीन होकर ही पृथक् रूप में दर्शन योग्य न होने से ऐक्य प्राप्त होता है, तब उक्त तरंग समुद्रस्वरूप हो जाती है, यह कथन मात्र है, उस प्रकार अपना कारण ब्रह्म का तेजः स्थानीय अंश में मुक्ति के समय लीयमान जीवगण ब्रह्म में ऐक्य प्राप्त होते हैं, यह कथानक मात्र है, किन्तु स्वरूपतः सामर्थ्यतः

सीमाबद्ध जीव में अनन्त सुख घन ब्रह्मत्व की प्राप्ति नहीं कही जा सकती है। अतएव मुक्ति में भी ब्रह्म एवं जीव के पृथक् रूप से दर्शन के अभाव से अभिन्नता है एवं किसी अंश में परिच्छिन्नरूप में लीन होकर अवस्थान से भिन्नता भी कही जाती है, इसलिए ही श्रीभगवान् की कृपा विशेष से भक्ति सुखास्वादन के लिए सच्चिदानन्द शरीर धारण हेतु किसी मुक्त जीव पुनर्वार पृथक् सत्ता को प्राप्त करता है, पृथक् रहने से ही सम्भव होता है, इसको लक्ष्य करके ही आचार्य शंकर ने कहा है–हे प्रभो ! भेद नाश होने पर भी मैं तुम्हारा हूँ, किन्तु तुम मेरे नहीं हो। कारण तरंग समुद्र का ही है, तरंग के अधीन समुद्र नहीं है, यह भेदाभेद वाक्य भी उससे सुष्ठु उपपन्न होता है। अविद्याजनित जीवत्व का भेद विनष्ट होने पर भी किन्तु तुम्हारा ही शब्द प्रयोग पुनर्वार भेद को सिद्ध करता है, अन्यथा परमैक्यापत्ति में 'हे नाथ ! मैं तुम्हारा ही' एतादृशी उक्ति संगत नहीं हो सकती है।

तात्पर्य यह है कि–परिच्छिन्न नदी का प्रवाह समूह जिस प्रकार नामरूप को छोड़कर समुद्र में मिलित होने पर भी अपरिच्छिन्न रत्नमय समुद्र की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं, वाह्य सत्ता का लोप हेतु समुद्रत्व प्राप्ति की प्रतीति होती है, तद्रूप जीव मुक्ति में भी ब्रह्म में सर्वथा ऐक्य प्राप्ति नहीं कर सकता है। वस्तुतः ब्रह्म एवं जीव स्वरूपतः एवं सामर्थ्यतः सर्वथा ही भिन्न है। मुक्त जीव ा जगत् व्यापार में कोई अधिकार नहीं है। विभु चित् ब्रह्म, अणुचित् जीव है। चैतन्यांश में उभय की अभिन्नता है, अथच स्वरूप एवं सामर्थ्य में चिरभिन्नता है। भोगमात्र साम्य लिंगाच्च ब्रह्मसूत्र ४।४।२१ के अनुसार विमुक्त जीव का ब्रह्म के साथ आनन्दोपभोग ही स्वीकार्य है। अंशी अंश के मध्य में भेदाभेद सम्बन्ध विद्यमान होने के कारण ब्रह्म एवं जीव के मध्य में भी सुतरां सर्वदा भेदाभेद सम्बन्ध ही स्थिरीकृत हुआ।

श्रुति में भेदवाचक अभेदवाचक उभयविध परस्पर विरोधी वाक्यसमूह का समन्वय के लिए उक्त सिद्धान्त ही श्रेष्ठतर है।

गौड़ीयदर्शन में भेदाभेद, व्यापकतम भूमिका के अपर में प्रतिष्ठित है, उस सर्वोच्च भूमि का में दृष्टिपात करने से स्पष्टतः ही प्रतिपन्न होता है कि कारण में अंश एवं अंशी के मध्य में भेदाभेद सम्बन्ध है, ठीक उसी प्रकार से ही श्रुति में भी परस्पर विरोधी वाक्यसमूह विद्यमान है। उभय के हेतु ही एक एवं अभिन्न है।

पूर्व में कहा गया है कि गौड़ीय आचार्यगणों ने शक्ति एवं शक्तिमान् के एकान्त अविच्छेद्यत्व के अपर ही भेदाभेदवाद स्थापन किया गया है। 'मृगमद तार गन्ध यैछे अविच्छेद। अग्नि ज्वाला ते यैछे नाहि किछु भेद॥' (चै०चरिता०आदि ४।९८) मृगमद एवं उसकी गन्ध, अग्नि एवं उसकी दाहिकाशक्ति में जिस प्रकार भेद नहीं है।

गन्ध–मृगमद की शक्ति है। ज्वाला अग्नि की शक्ति है, शक्तिमान् के स्वरूप में शक्ति अवस्थित है, वे पृथक् वस्तु नहीं हैं, एक के साथ अपर का अविच्छेद्य सम्बन्ध है। परब्रह्म की अच्छेद्य स्वरूपानुबन्धिनी शक्ति भी स्वाभाविकी (श्वेताश्वतर ६।८) है, आगन्तुक नहीं है। कस्तुरी स्पृष्ट वस्तु की गन्ध, अग्नितप्त लोहादि की दाहिका शक्ति आगन्तुक है, स्वाभाविक नहीं है, किन्तु परब्रह्म की शक्ति स्वाभाविक है। शक्तिमान् एवं शक्ति अभिन्न है, मृगमद एवं उसकी शक्ति गन्ध, अग्नि उसकी दाहिका शक्ति अभिन्न होने पर भी सम्पूर्ण अभिन्न है या नहीं–कहा नहीं जा सकता है, कारण मृगमद अथवा अग्नि की अदर्शन से भी समय विशेष में उसकी गन्ध उसका ताप अनुभूत होता है। परब्रह्म दृश्य न होने पर भी उनकी शक्ति के आभास का अल्प विस्तार अनुभव होता है। अतएव मृगमद एवं उसकी गन्ध में, अग्नि एवं उसकी दाहिका शक्ति में, परब्रह्म एवं उनकी शक्ति में सम्पूर्ण अभेदत्व निष्पन्न नहीं होता है, कुछ भेद सूक्ष्मदृष्टि से रह ही जाता है, सम्पूर्ण भेद है, वैसा भी कहना असम्भव होगा, कारण जल का अम्लजान,

उदजान के समान कस्तुरी एवं उसकी गन्ध को सुगन्ध कस्तुरी के दो उपादान स्वीकार करने पड़ते हैं। उपादान स्वीकार लेने पर भी गन्ध के वाह्य निःसरण से कस्तुरी का बजन ही घटेगा, किन्तु वैसा नहीं होता है। सुतरां कस्तुरी एवं उसकी गन्ध को पृथक् दो वस्तु मानना भी असमीचीन होगा, उस प्रकार कस्तुरी एवं उसकी गन्ध के मध्य में केवल अभेद अथवा केवल भेद स्वीकारना दुष्कर है, अथच कुछ भेद भी है, कुछ अभेद भी है, वैसा स्वीकार करना आवश्यक है।

इस विषय में श्रीजीव गोस्वामीजी का कथन है–शक्ति को शक्तिमान् से सम्पूर्ण अभिन्न रूप से माना नहीं जा सकता है, उसमें भेद की प्रतीति होती है, उस प्रकार भिन्न भी नहीं माना जाता है, अभेद प्रतीति होती है, तज्जन्य शक्तिमान् के मध्य में युगपत् अभेद एवं भेद ही स्वीकार्य है, वह अचिन्त्य है अर्थात् श्रुतार्थापत्तिगम्य है। जो ज्ञान किसी भी युक्ति तर्क द्वारा प्रतिष्ठित नहीं होता है, अथच प्रत्यक्ष सिद्ध होने के कारण अवश्य स्वीकार करना पड़ता है, वह ही अचिन्त्य ज्ञान है।

(श्रीविष्णुपुराण १।३।२) में उक्त है–समस्त भाववस्तु की शक्ति ही अचिन्त्य ज्ञानगोचर है। अचिन्त्य ज्ञान शब्द से श्रुतार्थापत्ति ही वाच्य है। यवक्षार तिक्त है, किन्तु क्यों तिक्त है ? इसका उत्तर नहीं है। विषपान करने से मृत्यु हो जाती है, किन्तु क्यों मृत्यु हो जाती है–इसका उत्तर नहीं है, अथच चिरन्तन सत्य है। आधुनिक विज्ञान भी यथार्थ उत्तर नहीं दे सकता है, जो चिर सत्य है, उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती है, विज्ञान उसको अस्वीकार नहीं करता है, जिसको स्वीकार कर लेना ही पड़ता है, वह ही अचिन्त्य ज्ञान है। शक्ति एवं शक्तिमान् के मध्य में जो भेदाभेद सम्बन्ध है, वह भी अचिन्त्यगोचर है।

श्रीजीव गोस्वामीचरण का अचिन्त्य भेदाभेदवाद अति व्यापक है, प्राकृत एवं अप्राकृत उभय जगत् में ही इसकी व्याप्ति है। पूर्व में कहा गया है कि अद्वितीय अखण्ड परतत्त्व ही स्वाभाविक

अचिन्त्य शक्ति से सर्वदा ही (भगवत्स्वरूप, स्वरूपवैभव, धामादि, लीला परिकरादि) जीव एवं प्रधान (प्रकृति भेद से चतुर्धा प्रकटित होते हैं। सारार्थ यह है कि-परिदृश्यमान् मायिक ब्रह्माण्ड में यावतीय प्राकृत एवं अप्राकृत जगत् की वस्तुमात्र ही ब्रह्म के साथ अचिन्त्य भेदाभेद सम्बन्ध से ग्रथित हैं। इस सिद्धान्त में ही सकल श्रुति की समान मर्यादा प्रदर्शित हुई है। व्यवहारिक प्रतीति कहकर किसी की उपेक्षा नहीं की गयी है। जीव जगदादि सत्य वस्तु का मिथ्यात्व प्रतिपादन नहीं हुआ है। प्रकारान्तर से ब्रह्म में शक्ति मानकर भी 'कारणस्यात्मभूताः शक्तिः शक्तेश्चात्मभूतं कार्यम्।' (शा०भा० २।१) वाह्यतः अस्वीकार करके ब्रह्म को निःशक्तिक अतएव शून्यत्व कक्षा में स्थापन नहीं किया गया है। इससे ही माया का भी श्रुति, स्मृति विहित सन्तोषजनक समाधान होता है, श्रुति का, मुख्यार्थ का, त्याग से लक्षणा का आश्रय करने की आवश्यकता भी नहीं है, जीव ब्रह्म के मध्य में अचिन्त्य भेदाभेद सम्बन्ध होने के कारण भेदवाचक श्रुति वाक्य में भेदबुद्धि का प्राधान्य है एवं अभेदवाचक श्रुति वाक्य में अभेद दृष्टि का प्राधान्य सूचित है।

श्रीचैतन्यदेवजी के चरित्र एवं शिक्षा में यह वाद लीलायित एवं सुष्ठु विख्यात हुआ है। श्रीस्वरूपदामोदर कृत-'राधाकृष्णप्रणयविकृतिः' श्लोक की श्रीकृष्णदास कविराज कृत व्याख्या द्वारा वह तत्त्व व्यक्तीकृत हुआ है। श्रीराधा पूर्ण शक्ति, श्रीकृष्ण पूर्ण शक्तिमान् हैं।

दुइ वस्तु भेद नाहिं शास्त्र परमाण।
मृगमद तार गन्ध यैछे अविच्छेद।
अग्नि ज्वाला ते यैछे कभुँ नाहिं भेद।।
राधाकृष्ण यैछे सदा एकइ स्वरूप।
लीला रस आस्वादिते धरे दुइ रूप।।

तात्पर्य यह है कि पूर्णतमा शक्तिस्वरूपा श्रीराधा तथा पूर्णतम शक्तिमान् श्रीकृष्ण हैं, दोनों में एक तथा एक में दो हैं। अनादिकाल से ही उभय विग्रह स्वरूपतः अभिन्न होकर भी

लीलारस आस्वादन के निमित्त दो वपु होते हैं। दो वपु एक होने पर द्विदल युगात्म कलायवत् अभिन्न भाव से स्फूर्ति होने पर श्रीगौरस्वरूप होता है। वृहदारण्यक उपनिषत् में 'स ह एतावानास यथा स्त्री पुमांसौ संपरिष्वक्तौ वाह्यं न वेद न चान्तरम्।' उक्त संपरिष्यक्त पुरुष प्रकृति के एकीभूत वपु ही श्रीगौरांग हैं। 'नारी पुरुष कोइ लखइ ना पारये ऐछे परिरम्भण की भाँति।' यह तो भाव की लीला-'भाव आस्वादिते दोंहे हैला एक ठाँइ।' फिर भी उन दोनों की प्रवृत्ति भिन्न-भिन्न भाव से इस आस्वादन के लिए होती है, तब वे दोनों श्रीराधाकृष्ण रूप में दो विग्रह होते हैं। 'अन्योन्ये विलसे रस आस्वादन करि।' एकात्मकत्व एवं भिन्नात्मकत्व अनादिकाल से प्राप्त है एवं चिर सत्य है। उभय लीला ही युगपत् नित्य है। (चै०चरिता० मध्य ८।१९३) 'पहिलहि राग' गीत में 'ना सो रमण, ना हाम रमणी' इस पद में अचिन्त्य भेदाभेद तत्त्व की परम पर्याप्तता है एवं भक्त भावुक रसिकगण के वह चिर अनुध्येय, सत्य आस्वाद्य हैं एवं श्रीकृष्ण आविर्भाव विशेष श्रीगौरांगदेव के अवतरण कारण भी उक्त वाद से सुशोभित है, विषय होकर आश्रयजातीय सुखास्वादन असम्भव, अतएव श्रीराधा के प्रणय की महिमा किस प्रकार है, मेरा माधुर्यास्वादन किसप्रकार है एवं उक्त माधुर्यानुभव से सुख किस प्रकार होता है, इन तीन वांछाओं की पूर्ति ब्रज में न हो सकी। अतः श्रीराधा भाव को ही अंगीकार कर श्रीकृष्णचैतन्यदेव का अवतार हुआ है।

परवर्त्तीकाल में गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय में ब्रह्मसूत्र भाष्य की आवश्यकता हुई, कथानक यह है कि जयपुरस्थ गलतागादी के रामानुजीय महान्तगणों ने वहाँ के श्रीगोविन्ददेव के सेवायत बंगवासियों को असम्प्रदायी घोषित करके सेवाधिकार से उन्हें निष्कासित कर दिया था। श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती के आदेश से तदीय शिष्य श्रीबलदेवविद्याभूषण एवं श्रीकृष्णदेव सार्वभौम ने जयपुर जाकर शास्त्रार्थ के द्वारा प्रतिपक्ष को पराजित करके पुनर्वार सेवाधिकार स्थापित किया था, प्रतिपक्ष के

आग्रह पर श्रीगोविन्ददेवजी के स्वप्न निर्दिष्ट भाष्य प्रणयण कर श्रीबलदेवविद्याभूषणजी ने उपस्थित किया था। ग्रन्थोपसंहार में आपने लिखा है। 'विद्यारूपं भूषणं मे प्रदाय ख्यातिंनिन्ये तेन यो मामुदारः श्रीगोविन्दस्वप्ननिर्दिष्टभाष्यो राधाबन्धुर्बन्धुराङ्गः स जीयात्। टीकाच–'गोविन्दनिरूपकत्वात् गोविन्देन प्रयोजकेन सिद्धत्वाद् वा गोविन्दभाष्यमित्युक्तमिति।' अर्थात् यह भाष्य गोविन्दतत्त्व निर्णायक अथवा श्रीगोविन्द ही इसके प्रयोजनकर्त्ता हैं, इसलिए यह श्रीगोविन्दभाष्य नाम से ख्यात है।

श्रीगोविन्दभाष्य में ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल एवं कर्म, यह पंचतत्त्व स्वीकृत है। (१) श्रीकृष्ण ही परमवस्तु हैं। हेतुत्वाद् विभुचैतन्यानन्दत्वादि गुणाश्रयात्। नित्यलक्ष्म्यादिमत्त्वाच्च कृष्णः परतमो मतः। (२) श्रीकृष्ण निखिल वेद वेद्य हैं। (३) विश्व सत्य है। (४) ब्रह्म विश्व में भेद सत्य है। (५) जीव अणु चैतन्य सत्य, नित्य एवं श्रीकृष्ण दास हैं। (६) जीव का साधनगत भेद स्वीकार्य है। (७) श्रीकृष्ण चरण प्राप्ति ही मोक्ष है। (८) पराभक्ति ही साधन है। (९) प्रत्यक्ष अनुमान शब्द प्रमाण है। यह श्रीमध्व मत की प्रतिध्वनि है। श्रीगोविन्दभाष्य में पाँच तत्त्व एवं नौ प्रमेय स्वीकृत हैं।

(ब्रह्मसूत्र १।१।३) में श्रीबलदेवविद्याभूषणजी ने लिखा है–'अथ जगज्जन्मादि हेतुः पुरुषोत्तमोऽविचिन्त्यत्वाद् वेदान्तेनैव बोध्यः, नतु तर्कैः।' इस प्रसंग में (गोविन्दभाष्य ३।२।३१) एवं तत्रत्य सूक्ष्मावृत्ति भी आलोच्य है। १।१।१६, १७, २१, १।३।३।२ प्रभृति सूत्र में भेदवाद का विचार आपने किया है, किन्तु गौड़ीयगण द्वैतवादी नहीं हैं, इसका सारार्थ श्रीचैतन्यचरितामृत में आदि सप्तम, मध्य षष्ठ एवं विंश अध्याय में भी विशेष रूप से आलोचित हुआ है।

श्रद्धालु व्यक्ति ही वेदान्त का अधिकारी है, श्रीकृष्ण ही उद्देश्य हैं, भक्ति ही साधन एवं प्रेम ही प्रयोजन तत्त्व है। सर्ववेदान्तसार श्रीमद्भागवतादि भक्तिवाचक ग्रन्थ हैं।

सृष्टितत्त्व के विषय में भारतीयदर्शन में तीन प्रकार के मत हैं–आरम्भवाद, परिणामवाद, विवर्त्तवाद, न्याय एवं वैशेषिक आरम्भवादी हैं, इस मत में पार्थिव जलीय तैजस् वायवीय परमाणु द्व्यणुकादि के क्रम से ब्रह्माण्ड पर्यन्त जगत् का आरम्भ अथवा सृष्टि करते हैं। उत्पत्ति के पूर्व कार्य असत् है, कारक व्यापार के वाद वह उद्भूत होता है। असत् से सत् की उत्पत्ति होती है। अवयव से अवयवी द्रव्य की उत्पत्ति होती है, जैसे सूत से वस्त्र की उत्पत्ति होती है, अवयव अवयवी भी भिन्न वस्तु हैं। इस मत में अभाव से भाव की उत्पत्ति होती है।

द्वितीय परिणामवाद है–इसमें दो भेद हैं–(प्रथम)–सांख्य, पातंजल पाशुपतादि। इस मत में सत्त्व, रज स्तमोगुणात्मक प्रधान अथवा प्रकृति ही महत् अहंकार इत्यादि क्रम से जगत्‌रूप में परिणत होती है। उत्पत्ति के पूर्व कार्य कारण में, सूक्ष्मरूप में विद्यमान है। इस मत में अभाव से भावोत्पत्ति स्वीकृत नहीं है। प्राग्भाव ध्वंसाभाव भी स्वीकृत नहीं हैं। आविर्भाव, तिरोभाव को मानते हैं। इस मत में कारणमें कार्य अनभिव्यक्तरूप में रहता है। अभिव्यक्त होने से ही कार्य होता है। इस मत में कारण एवं कार्य अभिन्न है। (द्वितीयत:)–वैष्णवाचार्यगण इस मत के अवलम्बन से ब्रह्म परिणामवाद को अर्थात् ब्रह्म ही जगदाकार में परिणत हुए हैं, स्थापन करते हैं, विवर्त्तवादी कहते हैं–स्वप्रकाश परमानन्द ब्रह्म ही स्वमायावलम्बन से मिथ्याजगदाकार में कल्पित होते हैं। शंकर एवं उनके अनुयायीगण इस मत को मानते हैं।

वेदान्तदर्शन के प्रतिपाद्य तत्त्वज्ञान, तदनुकूल कर्मतत्त्व एवं सृष्टितत्त्व है। ब्रह्मसूत्र में तत्त्वज्ञान सम्बन्ध समधिक आलोचित होने पर भी सृष्टितत्त्व एवं कर्मतत्त्व की आलोचना गौण भाव से हुई है।

श्रीजीव गोस्वामीजी ने मध्वाचार्य कृत द्वैतवाद, रामानुज कृत विशिष्टाद्वैतवाद भास्कराचार्य कृत (निम्बार्क) भेदाभेद को भी स्वीकार न करके निज सिद्धान्त का दृढ़तर भित्ति में स्थापन किया है।

श्रीहरिभक्तिविलास एवं श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु में इस सम्प्रदाय की वैधीभक्ति की उपासना प्रणाली सुविस्तृतरूप से वर्णित है, किन्तु ब्रजरस की उपासना ही मुख्य उपासना है। यह रम्या उपासना है और ब्रजबधूगण के द्वारा कल्पित उपासना है। यह प्रकट, अप्रकट में नित्य परकीयाभाव की उपासना है, आराध्य भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र हैं, किन्तु श्रीराधा के प्राणबन्धुरूप में ही आराध्य हैं। 'रसो वै सः' 'आनन्दं' ब्रह्मेति व्यजानात्' मधु ब्रह्म, भूमा ब्रह्म, प्रभृति श्रुति प्रतिपाद्य पदार्थ परमतत्त्वरूप में स्वीकृत होने से गौड़ीयगणों ने ज्ञान साधन के ऊपर में भी प्रेमभक्ति को दार्शनिक भित्ति में प्रतिष्ठापित किया है एवं प्रेमभक्ति को ही लीलारसमय आनन्द माधुर्यमय श्रीश्रीगौरगोविन्द की उपासना का चरम उपाय निर्देश किया है। इस हेतु श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु एवं उज्ज्वलनीलमणि प्रेमदर्शन नाम से अभिहित होते हैं। श्रीचैतन्यचरितामृत अष्टम एवं द्वाविंश परिच्छेद में इस विषय के अनेक ज्ञातव्य विषय लिपिबद्ध हैं।

पंचदश शताब्दी के प्रारम्भ में श्रीगौरांगदेव आविर्भूत हुए थे, इसके पूर्व से ही वैष्णवधर्म का प्रचार बंगदेश में था। श्रीजयदेव के श्रीगीतगोविन्द, चण्डीदास की पदावली बंगवासियों के हृदय के अनभिव्यक्त भावसमूह की आवेगमयी अभिव्यक्ति है। श्रीमन्महाप्रभु श्रीचैतन्यदेव के आविर्भाव के पूर्व बंग की राजधानी नवद्वीप के अर्थवैभव, विद्यावैभव एवं धर्मीय अवस्था प्रभृति के सुन्दर चित्र श्रीचैतन्यभागवत के आदिखण्ड के द्वितीय अध्याय में द्रष्टव्य है। धन, जन, विद्या से समृद्ध होने पर भी उस समय धर्म की अवस्था अति चिन्तनीय ही रही, यह विषय उक्त अध्याय में वर्णित है, किन्तु धर्म की महाग्लानि होने पर भी महाभागवतगणों का एकान्त अभाव नहीं था, 'कारण, स्वकार्य करेण सब भागवतगण। कृष्ण पूजा, गंगास्नान, कृष्णेर कथन॥' विशुद्ध वैष्णव पण्डित श्रीअद्वैताचार्य नित्य प्रेममय कलेवर श्रीनित्यानन्द, श्रीमद्गदाधर पंडित, श्रीवास, पुण्डरीकविद्यानिधि, श्रीरूप-सनातन, हरिदास,

मुरारि गुप्त, मुकुन्द प्रभृति के प्रचुर भक्तगण उस समय भी नवद्वीप एवं बंग के अन्यत्र प्रेमभक्ति के याजन, प्रचार एवं प्रसार करते रहते थे।

दीक्षा, गुरु–उपदेश, शास्त्रपाठ साधारणतः इन सभी उपायों से ही धर्म प्रचार–प्रसार होता है, किन्तु वह अति धीमी गति से सम्पादित होता है। कुछ अद्‌भुत एवं कुछ प्रीतिजनक अनुष्ठान न होने से सामाजिक चित्त उसमें सहसा आकृष्ट नहीं होता है। श्रीगौरांग प्रवर्त्तित धर्म में मनुष्य समाज के समस्त श्रेणी के जन ही समानरूप से आकृष्ट हुए हैं, इसमें सार्वभौम के समान भुवनविजयी पण्डित श्रीप्रकाशानन्द के समान काशीवासी, मायावादी संन्यासी कुलगुरु, यवन धर्मनिष्ठ, निरक्षर, दुर्विनीतपाठानसैन्य बिजली खाँ अति अकिंचन खोलाबेचा श्रीधर एवं विपक्ष नृपतिकुलकालाग्निरुद्र प्रतापरुद्र, नवद्वीप के शासनकर्त्ता–चाँद काजी एवं गौड़मण्डल के शासनकर्त्ता हुसैन शाह, नवद्वीप के महादुर्वृत्त जगाई–माधाई प्रभृति विपरीत भावापन्न सकल श्रेणी के लोक ही युगपत् श्रीगौरचरण के आनुगत्यकी मान लिए थे। तीक्ष्णबुद्धि नैयायिक रघुनाथ, सरल बुद्धि विष्णु भक्त श्रीवास, राजनीति में महापंडित श्रीसनातन, संसार ज्ञानलेश शून्य गोपालभट्ट, रघुनाथभट्ट, विपुल जमींदारी का अधीश्वर युवक रघुनाथदास, स्वरूपरामानन्द प्रभृति श्रीगौरांगदेव के गुण से अति आकृष्ट होकर सदा–सदा के लिए आत्मसमर्पण कर चुके थे। श्रीगौरांगदेव के अति अलौकिक सौन्दर्य सुतीक्ष्ण प्रतिभा, अलोक सामान्य पांडित्य प्रकर्ष, स्वभावसुलभ मधुरकथन प्रभृति सद्‌गुण कदम्ब ही सकल के चित्ताकर्षक थे। श्रीगौरांगदेव के दर्शन से ही सभी के अन्तःकरण में एक अभूतपूर्व प्रबलतर भक्तिभाव उदय होता था, जिससे सभी प्रकार के विरोध तथा समस्त प्रकार की आपत्तियाँ नष्ट हो जाती थीं। श्रीविष्णुस्वामी सम्प्रदायाचार्य भी श्रीगौरांगदेव के गुण से अति आकृष्ट हो गये थे। श्रीचैतन्यचरितामृत अन्त्यलीला ७वें परिच्छेद में द्रष्टव्य है।

आविर्भाव के समय से ही श्रीगौरहरि श्रीहरिनामरूप साधन संकेत का स्वतः-परतः आचरण करके सभी के समक्ष में उच्चकण्ठ से 'श्रीहरिनाम संकीर्त्तन' का प्रचार-प्रसार किया था। वर्तमानकाल में विश्व में युगधर्मरूप में 'श्रीहरिनाम संकीर्त्तन' की जो प्रथा दिखायी देती है, इसके श्रीगौरांगदेव ही आदि प्रवर्त्तक हैं। आपको 'संकीर्त्तनैक पिता' कहा गया है। वस्तुतः श्रीगौरलीला ही 'नाम-संकीर्त्तन' का एक अभिनव विपुल इतिहास है।

सदाचार के सम्बन्ध में 'श्रीहरिभक्तिविलास' नामक एक विस्तृत स्मृति ग्रन्थ गौड़ीय की उद्भावना एवं महाकृतित्व को प्रकाश करता है। उपास्य देवता उक्त सम्प्रदाय के श्रीकृष्ण एवं श्रीगौरांगदेव हैं। श्रीराधाकृष्ण की युगलमूर्त्ति के समान श्रीगौर-गदाधर, श्रीगौर-नित्यानन्द, श्रीगौर-विष्णुप्रिया युगल श्रीविग्रह का प्रचार सर्वत्र है।

सर्वप्रथम श्रीवास के गृह में श्रीगौरचन्द्र श्रीश्यामसुन्दर के आसन में समासीन होकर पूजित हुए थे। श्रीचैतन्यचन्द्रोदय के तृतीय अंक में-अद्वैतप्रभु के सम्बन्ध में उक्त है-श्रीवास के वाक्य इस प्रकार हैं-'अस्माकमिदमेव वपुः प्रेमपात्रमत्र कः सन्देहः' इससे सुव्यक्त होता है कि-श्रीअद्वैताचार्य एवं श्रीवास श्रीगौररूप का ध्यान करते थे। श्रीवासुदेव सार्वभौम के सम्बन्ध में उक्त है-'सार्वभौम हैला प्रभुर भक्त एक तान। महाप्रभु बिने सेवा नाहिं जाने आन॥ श्रीकृष्णचैतन्य शची सुत गुण धाम।'

'एइ ध्यान, एइ जप, एइ लय नाम।' (चैतन्यचरितामृत मध्य ६।२५७-२५८), इस प्रकार श्रीहरिदास ठाकुर, श्रीप्रकाशानन्द सरस्वती प्रभृति भी अनन्य भक्त थे।

'सम्प्रदाय' शब्द का श्रीगुरु-परम्परागत सदुपदेश अर्थ है। भरत के मत में-'शिष्यप्रशिष्यपरम्परावतीर्णोपदेशः सम्प्रदायः।' 'आम्नायः सम्प्रदायः' इति अमरः। आदि श्रीगुरु ब्रह्मा से श्रीगुरु-परम्परा प्राप्त ब्रह्मविद्यानाम्नी श्रुति ही आम्नाय है। यह आम्नाय वाक्य अथवा शिष्य परम्परावतीर्ण उपदेश का लाभ एकमात्र सत्सम्प्रदाय से ही होता है। (मुण्डक उप० १।१।१, १।२।१३) प्रभृति में श्रीगुरु-परम्परागत उपदेश अथवा सत्सम्प्रदाय स्वीकार

की प्रयोजनीयता लिखित है। (उद्धवगीता १४।४४।३-८) में श्रीभागवत सम्प्रदाय प्रवर्त्तकरूप में श्रीब्रह्माजी को कहा गया है। अतएव ब्रह्म सम्प्रदाय नूतन नहीं है। अवैदिक भी नहीं है।

'संशब्दोऽत्र सम्यगर्थः 'प्र' प्रकृष्टार्थ एव च। दाय सम्पर्क इत्युक्तः सम्प्रदाय विचक्षणैः इति।' गौरगण स्वरूपतत्त्वचन्द्रिका, वैदिक सम्प्रदाय विशेष ही गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय है।

जिस सम्प्रदाय के आराध्य ही स्वयं भगवान् श्रीगोविन्द हैं, तदीय आविर्भाव विशेष ही जिस सम्प्रदाय के प्राणसर्वस्व स्वसम्प्रदाय सहस्राधिदेव हैं। अनादिदेव कल्पतरु से जिसका आविर्भाव है, श्रीशुकनारदादि परमहंसगण जिस सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक हैं। ब्रह्मा, शिव, ध्रुव, प्रह्लादादि जिसके पथप्रदर्शक हैं एवं जगत्पूज्य श्रीरूप-सनातनादि गोस्वामिगण जिस सम्प्रदाय के आचार्य हैं, उस सम्प्रदाय का उत्कर्ष स्वतः सिद्ध है।

वैदिक सम्प्रदाय शब्द से किसका बोध होना आवश्यक है? उत्तर-जो लोक वेद एवं वेदमूलक पुराणादि शास्त्र का अपौरुषेयत्व मानते हैं एवं उन-उन शास्त्र वाक्य में जिनका अटल विश्वास है, उपासनादि विषय में एकमात्र वेद ही जिनका मुख्य प्रमाण है, लौकिक प्रत्यक्षादि प्रमाण निचय का अत्यन्त अविषय परमतत्त्व ही जिनका आराध्य है, कर्म, ज्ञान एवं भक्ति यह वैदिक तत्त्वत्रय में जो लोक एकान्त परिनिष्ठित हैं। वैदिक आचार्य के चरणाश्रय को ही जिन्होंने तत्त्वज्ञान प्राप्त करने का प्रधान उपाय कहा है-वे सबही वैदिक सम्प्रदाय हैं, तद्विपरीत होने से ही जड़ विज्ञानवादी नास्तिक एवं अवैदिक हैं।

श्रीचैतन्य मत मंजूषाकार द्वारा श्रीचैतन्य मत का संक्षिप्त संचयन यह है।

आराध्यो भगवान् व्रजेशतनय स्तद्धाम वृन्दावनम्।
रम्या काचिदुपासना व्रजवधूवर्गेण या कल्पिता॥
श्रीमद्भागवतं प्रमाणममलं प्रेमा पुमर्थोमहान्।
श्रीचैतन्यमहाप्रभोर्मतमिदं तत्रादरो नः परः॥

-श्रीहरिदासशास्त्रि

॥ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्॥

▫ श्रीसाधनदीपिका ▫

-नवम कक्षा-

अथ मुख्यं तत्त्वं निरूप्यते; (श्रीभागवते १।२।११)—

वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥१॥

अत्र तत्तत्त्वत्रयेषु भगवानेव मुख्यः। भगवान् स्वयं भगवान्, स तु श्रीकृष्णो ब्रजेन्द्रनन्दनो गोविन्द एव; तत्र प्रमाणं (ब्र०स०५।१)।

ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः।
अनादिरादिर्गोविन्दः सर्व्वकारणकारणम्॥२॥

यत्तु ब्रह्म, तदस्यैव प्रभारूपम्; यथा (ब्र०सं० ५)—

यस्य प्रभा प्रभवतो जगदण्डकोटि—
कोटिष्वशेषवसुधादि—विभूतिभिन्नम्।
तद्ब्रह्म निष्कलमनन्तमशेषभूतं,
गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि॥३॥

-नवम कक्षा-

(१) अनन्तर मुख्यतत्त्व का निरूपण करते हैं, (भा० १।२।११) में तत्त्वविद्गण एक अद्वय ज्ञान को ही तत्त्व कहते हैं और उसको ब्रह्म परमात्मा एवं भगवान् इन तीन शब्दों से कहते हैं। (२) उक्त तत्त्व तीन तत्त्वों में मुख्यतत्त्व भगवान् ही हैं, भगवान् शब्द से स्वयं भगवान् को जानना होगा, वह श्रीकृष्ण हैं, जिनको ब्रजेन्द्रनन्दन गोविन्द नाम से ही कहते हैं, उसमें प्रमाण (ब्रह्मसंहिता ५।१) सच्चिदानन्द विग्रह श्रीकृष्ण परम ईश्वर हैं, वे अनादि आदि गोविन्द एवं सर्वकारण कारण हैं। (३) जो ब्रह्म है, वह भी उनका प्रभारूप ही

तत्र श्रीमद्भगवद्गीता (१४।२१) 'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्' इत्यादि। (४) यश्च परमात्मा, स तु अस्य भगवतोऽंशांशरूप:; यथा द्वितीये (भा० २।२।८)–

केचित् स्वदेहान्तर्हृदयावकाशे प्रादेशमात्रं पुरुषं वसन्तम्।
चतुर्भुजं कञ्जरथाङ्गशङ्खगदाधरं धारणया स्मरन्ति।।

(५) कृष्ण–ब्रह्मणोरैक्यम् (भ० र० सि० १२।२१८) 'किरणार्कोपमाजुषो:' इत्यादे:; अतस्तत्तत्त्व – त्रयेषु परम–तत्त्वस्वरूपस्य स्वयंभगवतो मुख्यत्वं दृश्यते। तस्माद् योगत्रयेषु भक्तियोग एव मुख्य:; स तु (भ० र०सि० १।१।११) 'अन्याभिलाषिताशून्यम्' इत्यादौ उत्तमत्वेन गृहीत:; यथा (भा० ११।११।४८)–

(६) 'प्रायेण भक्तियोगेन सत्सङ्गेन विनोद्धव।
नोपायो विद्यते सम्यक् प्रायणं हि सतामहम्।।' इत्यादे:।

है, (बह्मसंहिता ५।४०) जिस ज्योतिर्मय की प्रभा ही अनन्तकोटि ब्रह्माण्डादि में पृथक्–पृथक् रूप में प्रतिभात होती है, उसको ब्रह्म, निष्कल अनन्त शब्द से कहते हैं, उस आदि पुरुष गोविन्द का मैं भजन करूँ। (गीता० १४।२७) में उक्त है, मैं ब्रह्म की प्रतिष्ठा हूँ। (४) जो परमात्मा हैं वह भी उन भगवान् के अंश के अंशरूप हैं, (भा० २।२।८) में उक्त है, हृदय में निवासशील चतुर्भुज, शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी पुरुष का स्मरण कुछ व्यक्ति एकाग्र मन से करते हैं। (५) श्रीकृष्ण एवं ब्रह्म में ऐक्य है, उसको सूर्य किरण एवं सूर्य के समान जानना होगा। (भ०र०सि० १।२।२७८) अतएव तत्त्वत्रय में परमतत्त्व श्रीभगवान् ही हैं, अतएव योगत्रय में भक्तियोग ही मुख्य है, वह भक्तियोग (भ०र०सि०) 'अन्याभिलाषिता' शून्य ज्ञान कर्माद्यनावृत आनुकूल्य से कृष्णानुशीलन का ही उत्तमाभक्ति शब्द से ग्रहण हुआ है। (६) हे उन्द्रव ! सत्संग प्रभवा भक्ति को छोड़कर मुझको प्राप्त करने का अपर कोई उपाय नहीं है।

(भ०र०सि० १।२।१–५)–

(७) सा भक्तिः साधनं भावः प्रेमा चेति त्रिधोदिता।
वैधी रागानुगा चेति सा द्विधा साधनाभिदा॥

तत्र रागानुगाया मुख्यत्त्वम्, यथा (भ०र०सि० १।२।२८१)–

(८) रागबन्धेन केनापि तं भजन्तो ब्रजन्त्यमी।
अङ्घ्रिपद्मसुधाः प्रेमरूपास्तस्य प्रिया जनाः॥

(९) (भ०र०सि० २।५।१) 'वैशिष्ट्यं पात्रवैशिष्ट्याद्भक्तिरेषापि गच्छति' इति। यथाविध–स्वरूपानुगत्यलक्षणं श्रीमत्प्रभु (रूप) चरणैः (भ०र०सि० १।२।२१०)–

(१०) विराजन्तीमभिव्यक्तं ब्रजवासिजनादिषु।
रागात्मिकामनुसृता या सा रागानुगोच्यते॥

इति पूर्व्वं विचारितमस्ति। (भा० १०।१४।७२)–

(११) अहो भाग्यमहो भाग्यं नन्दगोपब्रजौकसाम्।
यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्म सनातनम्॥

(१२) अथ रागानुगा, सा द्विधा–सम्बन्धानुगा कामानुगा च।

---

(७) भक्तिरसामृतसिन्धु–वह भक्ति साधन भाव प्रेम भेद से तीन प्रकार है, साधन भक्ति वैधी एवं रागानुगा भेद से दो प्रकार है। (८) उसमें रागानुगा भक्ति ही श्रेष्ठ है। (भ०र०सि० १।२।२८१) प्रेममयी तृष्णारूप राग के द्वारा भजन करके श्रीचरण सुधा को कुछ व्यक्ति प्राप्त करते हैं। (९) पात्र विशेष से ही भक्ति का वैशिष्ट्य होता है, (भ०र०सि० २।५।७) यथाविध स्वरूपानुगत्य का लक्षण श्रीरूप गोस्वामीचरण ने लिखा है, ब्रजवासीजन प्रभृति में जो भक्ति मूर्त्तिमती होकर विराजित है, उसका नाम ही रागात्मिका है, उसकी आनुगत्यमयी भक्ति का नाम ही रागानुगा भक्ति है, इसका विचार पूर्व में किया है, (भा० १०।१४।३२) में उक्त है, नन्द ब्रजवासियों के भाग्य अद्भुत आश्चर्यजनक हैं, पूर्णब्रह्म परमानन्द सनातन ही जिनके मित्र हैं। (१०,११,१२) अनन्तर रागानुगा को कहते हैं–रागानुगा दो प्रकार की होती हैं।

तत्र कामानुगा मुख्या; सा द्विधा सम्भोगेच्छामयी तत्तद्-भावेच्छामयी च। (भ०र०सि० १।२।२९९)–

(१३) केलितात्पर्य्यवत्येव सम्भोगेच्छामयी भवेत्।
तद्भावेच्छात्मिका तासां भावमाधुर्य्यकामिता।।

तत्राधिकारी (भ०र०सि० १।२।३)–

(१४) श्रीमूर्त्तेर्माधुरीं वीक्ष्य तत्तल्लीलां निशम्य वा।
तद्भावकाङ्क्षिणो ये स्युस्तेषु साधनतानयोः।। इति।

मत्तोऽस्य सुखं भूयादिति सम्भोगेच्छामयी; मत्तोऽनयोः सुखं भूयादिति तत्तद्भावेच्छामयीति द्वयोर्भेदः।

(१५) यथा (भा० १०।४४।१४)–

गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्य रूपं,
लावण्यसारमसमोर्द्ध्वमनन्यसिद्धम्।
दृग्भिः पिवन्त्यनुसवाभिनवं दुराप-
मेकान्तधाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य।।

सम्बन्धानुगा–कामानुगा, इसमें कामानुगा मुख्य है, वह दो प्रकार की हैं–सम्भोगेच्छामयी एवं तत्त्वद् भावेच्छामयी (भ०र०सि० १।२।२९९) केलिलीला में तात्पर्य रखने वाली को सम्भोगेच्छामयी कहते हैं, उन–उन भाव के प्रति लालसायुक्ता होती है, उसमें भावमाधुर्यास्वादन की कामना रहती है। (१३) उसके अधिकारी–(भ०र०सि० १।२।३)–श्रीमूर्त्ति की माधुरी को देखकर अथवा सुनकर–उस भाव प्राप्ति की आकांक्षा जिसमें जागृत होती है, वह अधिकारी होता है, हमसे उनका सुख हो, इसको सम्भोगेच्छामयी कहते हैं, हमसे श्रीराधा–कृष्ण दोनों ही सुखी बनें, इस कामना वाले को तत्तद् भावेच्छामयी कहते हैं, इससे ही दोनों का भेद जानना होगा। (१४, १५) (भा०१०।४४।१०) में–रंगमंच में श्रीकृष्ण को देखकर माथुर रमणीगण कहती हैं–हमने तो श्रीकृष्ण को अनवसर में ही देखा, गोपीगण भाग्यवती हैं, उन्होंने ऐसी कौन–सी

आदि पुराणे–

(१६) त्रैलोक्ये पृथिवी धन्या यत्र वृन्दावनं पुरी।
तत्रापि गोपिकाः पार्थ तत्र राधाभिदा मम।।

श्रीभक्तिरसामृतसिन्धौ च (२।५।३८)–

(१७) 'यथोत्तरमसौ' इत्यादि; (भ०र०सि० १।२।२८६)–
'इत्युद्धवादयोऽप्येतं वाञ्छन्ति भगवत्प्रियाः' इति;

(१८) तद् यथा (भा० १०।४७।६१)–
'आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां,
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्य्यपथञ्च हित्वा,
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्।।

(१९) ब्रह्मस्तुतिः (भा० १०।१४।३४)–
तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां,
यद्गोकुलेषु कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम्। इत्यादि।

तपस्या की जिससे लावण्यसार असमोर्द्ध अनन्यसिद्ध रूप को उन्होंने देखा। वह ईश्वर की परम सीमा है एवं नवनवायमान है, उसको भी गोपियों ने निज नेत्रों से ही देखा। (१६) आदि पुराण में उक्त है–तीन लोक में पृथ्वी धन्या हैं, जहाँ पर श्रीवृन्दावनपुरी विराजित है, उसमें भी गोपिकाजन श्रेष्ठा हैं; और उनमें से श्रीराधानाम्नी गोपिका मेरी अत्यन्त प्रिया हैं। (१७) श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु (२।५।३८) में उक्त है–विशेष उल्लास एवं आस्वादन से ही रति में तारतम्य होता है। (भ०र०सि०१।२।२८६) इसलिए उस भाव की वाञ्छा भगवत्प्रिय उद्धव प्रभृति भी करते हैं। (१८) (भा० १०।४७।६१) अहो मैं इस श्रीवृन्दावन में तरु गुल्मलता औषधि बनकर जन्म ग्रहण क्यों न करूँ, जिससे उन गोपिकाओं की चरणरेणु मुझे प्राप्त होगी, जिन्होंने दुस्त्यज स्वजन आर्य पथ को त्यागकर मुकुन्द के श्रीचरणारविन्द के भजन को सार किया, जिसका अन्वेषण श्रुतिगण करती रहती हैं। (१९) ब्रह्मस्तुति (१०।१३।३४) में उक्त है, मैं

(२०) अतो ब्रजवासिजनादिषु विराजमानाया रागात्मिकाया मुख्यत्वेन रागानुगाया मुख्यत्वम्, तदनुसरणत्वात्। अस्यामेव रागानुगायां गृहस्थोदासीन–भेदेनाधिकारिणो द्विविधा दृश्यन्ते; तत्र उदासीना मुख्याः।

(२१) तद् यथा श्रीनारद–वाक्ये (भा० १।५।५)–

तत् साधु मन्येऽसुरवर्य्यदेहिनां,
सदा समुद्विग्नधियामसद्ग्रहात्।
हित्वात्मपातं गृहमन्धकूपं,
वनं गतो यद्धरिमाश्रयेत।। इत्यादि।

(२२) किञ्च, भक्ताञ्च द्विविधाः–ऐश्वर्य्यानुभविनः, माधुर्य्यानुभविनश्च ऐश्वर्य्यं तावद्देवलीला–देवचेष्टा–देववपुरित्यादिकम्; माधुर्य्यं च नरलीला–नरचेष्टा–नरवपुरित्यादिकम्;–किञ्च–ऐश्वर्य्य–विना माधुर्य्यस्य नित्यता न सम्भवति, केवल–नरचेष्टा–साधर्म्म्येण मायिक त्वापातान्माधुर्य्यस्याप्यसिद्धेः। माधुर्य्यं विना भक्तप्रेमहानिः स्यात्; तत्र श्रीमद्भागवतं तथा श्रीलघुभागवतामृतंप्रमाणम्–

उसको ही सुमहान् भाग्य समझूँगा यदि इस श्रीवृन्दावन में कुछ नगण्य जन्म भी मेरा हो, इससे गोकुलवासी उन किन्हीं के चरणरेणु से अभिषिक्त होने का सौभाग्य होगा। (२०) अतएव ब्रजवासीजनादि में विराजित मुख्य रागात्मिका का अनुगत रागानुगा की ही मुख्यता है, इसमें उसका ही अनुसरण है, अनुकरण में भक्ति नहीं होती है, इस रागानुगा में गृहस्थ उदासीन भेद से दो प्रकार अधिकारी हैं, उसमें उदासीनगण श्रेष्ठ हैं। (२१) श्रीनारदजी के वाक्य (भा० ७।५।५) में इस प्रकार से हैं, प्रह्लादजी ने कहा– हे असुरवर्य ! मैं उन्हें ही साधु मानता हूँ जो कि निरन्तर उद्वेग अहंकार द्वारा अन्धकूपरूप आत्मपतनकारी गृह को त्यागकर वन में चले जाना एवं एकान्तभाव से श्रीहरिः की शरण ग्रहण कर लेना। (२२) भक्त द्विविध होते हैं–ऐश्वर्यानुभवी एवं माधुर्यानुभवी। ऐश्वर्य–देवलीला, देवचेष्टा, देववपु इत्यादि। माधुर्य – नरलीला

(२३) किम्वासनं ते गरुड़ासनाय,
किं भूषणं कौस्तुभभूषणाय।
लक्ष्मीकलत्राय किमस्ति देयं,
वागीश किं ते वचनीयमास्ते ? इत्यादेः।

